### रेल पटरी से तीन शव मिले

बोकारो, 4 जून (निस) झारखंड के बोकारो जिले में रेलवे ट्रैक से तीन युवकों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। गुरुवार सुबह राधानगर पंचायत के समीप लावाटांड़ क्षेत्र में रेलवे लाइन के किनारे तीन शव पड़े होने की सूचना मिलने के बाद जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।


दैनिक

# भारत देश हमारा

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी www.Bharatdeshhamara.com DAILY BHARAT DESH HAMARA PATIALA

रजिस्ट्रेशन नं. पीबी/पीटीए (0273)/2024-26 PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985 वर्ष 42 अंक 154 पटियाला शुक्रवार 5 जून 2026 मूल्य दो रुपए कुल पृष्ठ: 8 फोन : 0175-5061948, Posted at RMS Patiala E-mail:- bdhpatiala@gmail.com


### मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल, 4 जून (निस) मणिपुर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। विशेष सर्च ऑपरेशन में कई प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े पांच सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार और खतरनाक विस्फोटक भी बरामद किए हैं।

## रक्षा सेनाओं के लिए विधेयक डीएफपीडीएस जारी राजस्व संबंधी अभूतपूर्व अधिकार मिलेंगे-राजनाथ

### रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा मिलेगा, विदेशी उपकरणों पर निर्भरता कम होगी



नई दिल्ली 4 जून (निस) केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को रक्षा सेवाओं को वित्तीय शक्तियां सौंपने संबंधी विधेयक (डीएफपीडीएस-2026) जारी कर ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस फैसले से सशस्त्र बलों को प्रतिवर्ष 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की राजस्व संबंधी खरीद के लिए अभूतपूर्व वित्तीय शक्तियां प्राप्त होंगी, जिससे राष्ट्र सुरक्षा को नई ताकत मिलेगी। इस घोषणा को गेम चेंजर बताकर, रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि यह नया ढांचा जमीनी स्तर पर तैनात कमांडरों को सशक्त करेगा, निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी लाएगा और सशस्त्र बलों की परिचालन तत्परता को मजबूत करेगा। उन्होंने रक्षा मंत्रालय और सशस्त्र बलों को बधाई देकर इस सुधार के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री सिंह ने जोर दिया कि संशोधित ढांचा कमांडरों को त्वरित खरीद निर्णय लेने में सक्षम बनाएगा, जिससे परिचालन दक्षता में महत्वपूर्ण सुधार होगा।यह नई नीति रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) को बढ़ावा देने और विदेशी मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) पर निर्भरता को कम करने के लिए तैयार की गई है। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह पहल सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्टार्टअप सहित निजी उद्योग की रक्षा विनिर्माण और नवाचार में अधिक भागीदारी को प्रोत्साहन मिलेगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, सैन्य तंत्र के भीतर स्वदेशीकरण और अनुसंधान एवं विकास के लिए आवंटित वित्तीय शक्तियों को दोगुना कर दिया गया है। इस कदम से घरेलू रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता कम होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, सेना, नौसेना और वायु सेना के कमांडरों को दी गई विशेष वित्तीय शक्तियों में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिसमें तत्काल परिचालन आवश्यकताओं के लिए उपलब्ध कुल सीमा में 100 प्रतिशत की वृद्धि शामिल है। इन संशोधित अधिकारों से मौजूदा बजटीय आवंटन के अनुरूप राजस्व मार्ग से 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की खरीद सुगम होगी, जिससे देश की सुरक्षा और भी सशक्त होगी।

### मालवीय नगर में चल रहे होटलों की जांच तेज, नियमों की धज्जियां उड़ीं

## दिल्ली होटल अग्निकांड: होटल मालिक लवकेश चार दिन के रिमांड पर, गलती स्वीकार की



नई दिल्ली 4 जून (निस) बीते दिन राजधानी दिल्ली के एक होटल में आग लगने की भयानक घटना सामने आई थी। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने हादसे के मुख्य आरोपी और होटल मालिक लवकेश बजाज को साकेत कोर्ट में पेश किया। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को 4 दिनों की पुलिस हिरासत (रिमांड) में भेज दिया है। सुनवाई के दौरान पुलिस ने कोर्ट में दलील देते हुए कहा कि इस बड़े हादसे की तह तक जाने के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ करना बेहद जरूरी है। फिलहाल इस मामले में पुलिस अभी कुछ जरुरी दस्तावेज जुटा रही है। आरोपी की रिमांड पर वकील ने उठाए सवाल-आरोपी लवकेश बजाज द्वारा पुलिस रिमांड का विरोध किया जा रहा है। आरोपी का कहना है कि वह पुलिस की जांच में पूरा सहयोग कर रहा है, इसलिए उसे हिरासत में रखने की कोई जरूरत नहीं है। इसी के साथ वकील ने कोर्ट में भी कई गंभीर मुद्दे उठाए हैं। इस अग्निकांड मामले में पुलिस ने अपनी जांच शुरु कर दी है। MCD को एक आधिकारिक पत्र लिखकर इस पूरी इमारत का Structural Safety Survey करने की मांग की है। इस सर्वे के जरिए यह साफ हो सकेगा कि क्या होटल की इमारत तय सुरक्षा मानकों और नियमों के तहत बनाई गई थी या इसमें कोई अवैध ढांचागत बदलाव किया गया था। क्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में बुधवार सुबह फ्लरिश स्टे बी एंड बी (Flourish Stay B&B) होटल में लगी भीषण आग के बाद अब जांच एजेंसियों ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस दर्दनाक हादसे में 21 लोगों की जान जा चुकी है और दर्जनों लोग गंभीर रूप से झुलसे हुए हैं। वहीं आज दिल्ली पुलिस, क्राइम ब्रांच और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स (स्नस्रु) की टीमों ने पूरी इमारत को सील कर सबूत जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि आखिर किस लापरवाही के कारण इतने बड़े पैमाने पर लोगों की जान गई। इस मौके पर अधिकारियों ने बताया कि जांचकर्ता भवन निर्माण नियमों के कथित उल्लंघन, अग्नि सुरक्षा में चूक, अवैध निर्माण और उन परिस्थितियों सहित सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं जिनके कारण इतनी अधिक मौतें हुईं। पुलिस अधिकारी ने बताया जांच के तहत स्थानीय निवासियों, दुकानदारों, होटल कर्मचारियों और अन्य गवाहों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने होटल मालिक **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

### बसों की आमने-सामने भीषण टक्कर, 7 की मौत




सूरत 4 जून (निस) गुजरात के सूरत जिले से एक बेहद दर्दनाक और भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। बारडोली कस्बे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की दो सरकारी बसों की आपस में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दुर्घटना के तुरंत बाद एक बस पलट गई और उसमें भीषण आग लग गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार इस दिल दहला देने वाले हादसे में कम से कम 7 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि करीब 40 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि सभी मृतक उसी बस में सवार थे जिसमें आग लगी थी। यह पूरी घटना गुजरात और महाराष्ट्र को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे-53 पर उवा गांव के पास मंगलवार को घटित हुई। बता दें कि हादसे का शिकार हुई एक बस गुजरात के सूरत से महाराष्ट्र के धुले की ओर जा रही थी जबकि दूसरी बस महाराष्ट्र के चालीसगांव से पैसेंजर्स को लेकर सूरत की तरफ आ रही थी।हाईवे पर धुले की तरफ जा रही बस अचानक अनियंत्रित होकर पहले एक ट्रैक्टर से टकरा गई।

## मुजफ्फरपुर के निजी अस्पताल में अग्निकांड, आईसीयू में दम घुटने से चार मरीजों की मौत, जांच के आदेश



मुजफ्फरपुर 4 जून (निस) दिल्ली के होटल में लगी आग ठीक से शांत भी नहीं हुई थी कि बिहार के मुजफ्फरपुर शहर के ब्रम्हपुरा इलाके में स्थित निजी प्रसाद हॉस्पिटल में गुरुवार तड़के एक हृदयविदारक हादसा सामने आ गया। जहां अस्पताल के आईसीयू (सघन चिकित्सा कक्ष) में भीषण आग लगने से चार मरीजों की दर्दनाक मौत हो गई। इस भयावह आग की घटना में कई अन्य लोग गंभीर रूप से झुलसकर जख्मी हो गए हैं। हालांकि स्थानीय स्तर पर मृतकों की संख्या 10 होने की चर्चा है, लेकिन जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने आधिकारिक तौर पर अब तक 4 मरीजों के मरने की पुष्टि की है। घटना की गंभीरता को देखते हुए हताहतों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद से ही मौके पर राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। फायर ब्रिगेड, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीमें स्थिति को संभालने में जुटी हुई हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर करीब 20 मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) समेत जिले के तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। अस्पताल परिसर के पास परिजनों तथा स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई है, जिन्हें नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बलों को तैनात किया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा सुबह लगभग 3ः20 बजे हुआ। आग अस्पताल की चौथी मंजिल पर स्थित आईसीयू में लगी, जहां उस समय 15 से अधिक मरीज भर्ती थे, जबकि फायर फाइटिंग टीम ने इसकी संख्या लगभग 25 बताई है। ये सभी मरीज पिछले करीब एक सप्ताह से वहां गंभीर स्थिति में भर्ती थे। शुरुआती जांच में दुर्घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, जिससे वेंटिलेटर उपकरणों में अचानक धमाके के साथ आग लग गई। आग लगते ही पूरे आईसीयू वार्ड में घना और जहरीला धुआं भर गया जिससे चार मरीजों की मौत हो गयी।

## टीएमसी को तोड़ने के लिए अमितशाह एवं शुभेन्दु सरगर्म, लोकतंत्र की हत्या-शिवसेना



मुंबई, 4 जून (निस) पश्चिम बंगाल की राजनीति में जारी घमासान की गूंज अब देश के अन्य राज्यों में भी सुनाई दे रही है। दरअसल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर उभरे सियासी संकट को लेकर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राउत ने दावा किया कि टीएमसी के बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी के पास अकेले 60 विधायकों का समर्थन जुटाने का दम नहीं है और इसके पीछे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पश्चिम बंगाल के नेता सुवेंदु अधिकारी की भूमिका है। बुधवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष रतींद्र नाथ बोस ने टीएमसी के बागी गुट को विधानसभा में विपक्ष की मान्यता प्रदान कर दी। ऋतब्रत बनर्जी ने 60 विधायकों के समर्थन का दावा पेश किया था, जिसे स्वीकार करते हुए उन्हें नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिया गया। विधानसभा में उन्हें कार्यालय भी आवंटित कर दिया गया है। इसके साथ ही बागी गुट की ओर से प्रस्तावित चीफ व्हीप और उपनेता के नामों को भी मंजूरी मिल गई।इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए संजय राउत ने कहा कि बंगाल में वही राजनीतिक रणनीति अपनाई जा रही है, जिसका इस्तेमाल पहले महाराष्ट्र में किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्दे के पीछे अमित शाह और सुवेंदु अधिकारी सक्रिय हैं।

## भ्रष्ट शिक्षा व्यवस्था ने एक और युवा की जिंदगी छीन ली-राहुल गांधी



नई दिल्ली,4 जून (निस): लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को नीट यूजी 2026 परीक्षा के पेपर लीक को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पेपर घोटाले ने एक और युवा जीवन छीन लिया। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट करके बताया कि मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले की 18 साल की आकांक्षा ने नागपुर में आत्महत्या कर ली। आकांक्षा डॉक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी, लेकिन परीक्षा रद्द होने और दोबारा परीक्षा की अनिश्चितता ने उसे अवसाद में डाल दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राहुल गांधी ने बताया कि आकांक्षा के पिता कृष्ण कुमार चतुर्वेदी एक छोटे किसान हैं। बेटी के सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड पर करीब 3 लाख रुपए का लोन लिया। लोन की राशि और कोचिंग फीस जुटाने के लिए पिता नागपुर में रसोइए का काम करने लगे। आकांक्षा नागपुर के एक कोचिंग संस्थान में रहकर तैयारी कर रही थी।

## कैप्टन अमरेन्द्र की कांग्रेस में वापिसी को लेकर अटकलें, हुड्डा ने खारिज कीं



नई दिल्ली, 4 जून (निस) पंजाब में 2027 विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक हलचल तेज है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के दावे ने अटकलों को बल दिया है, जिसके अनुसार पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह अपनी पुरानी पार्टी कांग्रेस में वापसी कर सकते हैं। पूर्व सीएम हुड्डा ने कहा कि कैप्टन उनके संपर्क में हैं और उन्हें अपना वरिष्ठ साथी बताया, जिससे उनकी वापसी की संभावनाएं बढ़ी हैं। गौरतलब है कि कैप्टन और हुड्?डा की दोस्ती पुरानी है, इसके बाद हो सकता है कि हुड्डा ही कैप्टन की कांग्रेस में वापसी के वाहक बनें। हालांकि, पंजाब भाजपा के प्रवक्ता प्रितपाल सिंह बलियावाल ने दावे को खास तवज्जो न देकर कहा कि केवल संपर्क में होना कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला और कुमारी सैलजा, तब खुद कहती हैं कि हुड्डा किसी के संपर्क में नहीं रहते, इसलिए इस बात के कोई और मायने नहीं निकाले जाने चाहिए। दरअसल कैप्टन अमरिंदर के कांग्रेस में लौटने की इन चर्चाओं को इसलिए भी बल मिला है क्योंकि वे भाजपा के भीतर खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने लगातार कांग्रेस की कार्यप्रणाली की तारीफ की है, जहां उन्हें पंजाब से जुड़े फैसलों में शामिल किया जाता था, जबकि भाजपा में ऊपर से फैसले होते हैं। कैप्टन का कहना है कि वे कांग्रेस में तीन बार **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

## अमितशाह का नाम लेने पर ममता बैनर्जी पर एफआईआर दर्ज की



कोलकाता, 4 जून (निस) पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी की मुश्किलें फिर बढ़ गई हैं। कोलकाता में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान बांग्लादेश में एक हाई-प्रोफाइल हत्याकांड में केंद्रीय गृह मंत्रालय और गृह मंत्री अमित शाह का नाम लेने के आरोप में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। यह शिकायत सिलीगुड़ी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में एक वकील रिंकी चटर्जी सिंह द्वारा दर्ज कराई गई है।यह विवाद 2 जून, 2026 को धर्मतला में टीएमसी के धरना प्रदर्शन के दौरान शुरू हुआ। अपने भाषण में ममता बनर्जी ने दावा किया कि उन्हें बांग्लादेश में हुई एक बड़ी हत्या के पीछे की पूरी साजिश और लोगों के नामों की जानकारी है, लेकिन वह उनका खुलासा नहीं करेंगी क्योंकि इससे पड़ोसी देश में उथल-पुथल मच सकती है। दर्ज शिकायत के मुताबिक, ममता बनर्जी ने धरना स्थल से कहा था कि एसटीएफ ने बांग्लादेश से एक बड़े हत्यारे को गिरफ्तार किया था।

## पंजाब की सियासत गर्माई-एससी कमिशन ने रवनीत बिट्टू, प्रताप बाजवा एवं राजा बडिंग को भेजा नोटिस



मोहाली 4 जून (निस) पंजाब एस.सी. कमीशन ने केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्ठू, कांग्रेसी नेता प्रताप सिंह बाजवा और कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को अलग-अलग मामलों में 15 जून को तलब किया है। बता दें कि तीनों नेताओं ने कई गलत और आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं जिसके चलते कमीशन द्वारा उन्हें पेश होने के लिए कहा गया है। जानकारी के अनुसार आज भी मंत्री बिट्ठू को तलब किया गया था लेकिन वह पेश नहीं हुए। पेशी में पहुंचे वकीलों ने जानकारी दी कि चंडीगढ़ में होने वाले आगामी राज्यसभा चुनावों में व्यस्त होने के चलते बिट्ठू पेश नहीं हुए हैं। इसके अलावा प्रताप बाजवा और राजा वड़िंग को भी पहले भी कई बार पेश होने के लिए कहा गया था लेकिन वे पेश नहीं हुए। इसी के चलते तीनों नेताओं को अब एक बार फिर से 15 जून को पेश होने के लिए कहा गया है। बता दें कि निकाय चुनाव के दौरान धूरी में मंत्री रवनीत सिंह बिट्ठू की पुलिसकर्मियों के साथ बहस हो गई थी। इस दौरान मंत्री पर आरोप लगे हैं कि उन्होंने पुलिसकर्मियों पर जातीगत टिप्पणी की थी। इसके बाद एस.सी. कमीशन ने मामले का संज्ञान लिया और संगरूर पुलिस से इसकी रिपोर्ट मांगी थी, जिसके बाद संगरूर के पुलिस अधिकारी पेश हुए और उन्होंने अपना पक्ष रखा। इसके बाद कमीशन ने मंत्री रवनीत बिट्ठू को भी तलब किया था लेकिन किन्हीं कारणों के चलते वह अब तक पेश नहीं हो पाए हैं। बता दें कि इस मामले में बिट्ठू ने पहले ही सार्वजनिक माफी भी मांग ली है।

**प्रताप बाजवा को 2 मामलों में किया तलब**-वहीं कांग्रेसी नेता प्रताप बाजवा की बात करें तो उन्हें कमीशन ने 2 मामलों के चलते तलब किया है। पहले मामले में नवंबर में तरनतारन चुनावों दौरान बाबा जीवन सिंह जी (भाई जैता सिंह जी) की तस्वीर का राजनीतिक नेताओं के साथ इस्तेमाल किया गया था और दूसरे मामले में उन्होंने मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. को लेकर भी गलत भाषा का उपयोग किया था। उक्त दोनों मामले सामने आने के बाद एस.सी. कमीशन ने उन्हें तलब किया था लेकिन वह दोनों बार हाईकोर्ट चले गए। कमीशन ने उन्हें 15 जून को इन्हीं मामलों को लेकर तलब किया है।

**राजा वड़िंग ने भी की थी गलत टिप्पणियां**-कांग्रेस प्रधान राजा वड़िंग की बात करें तो कमीशन ने उन्हें इसलिए तलब किया है क्योंकि उन्होंने देश के पूर्व गृहमंत्री बूटा सिंह को लेकर गलत टिप्पणी की थी। इसके अलावा राजा वड़िंग ने भी मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. को लेकर गलत बयान दिया था।

### होशियारपुर में किराना दुकान में भीषण आग, सिलेंडर फटने से दुकानदार झुलसा

होशियारपुर, 4 जून (निस) पंजाब के होशियारपुर जिले के हाजीपुर क्षेत्र के निकट स्थित बेला सरियाना गांव में गुरुवार को एक किराना दुकान में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान के अंदर रखा रसोई गैस सिलेंडर भी फट गया, जिससे दुकान मालिक गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे में पूरी दुकान जलकर राख हो गई और लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार, दुकान मालिक चनन सिंह आग लगने के बाद उसे बुझाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया, जिससे वे झुलस गए। परिजनों और स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत हाजीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के मुताबिक उनकी हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। परिवार के सदस्यों का आरोप है कि आग की शुरुआत बिजली के तारों में हुए शॉर्ट सर्किट से हुई। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया।

### सीएम मान के ऐलान के बाद 24 घंटे में त्वरित कार्रवाई....

## निजी स्कूलों में मनमाने ढंग से फीस वृद्धि पर रोक लगाने के लिए कानून का मसौदा तैयार करने के आदेश



चंडीगढ़, 4 जून (निस)मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस वृद्धि को रोकने के लिए व्यापक सुधारों की घोषणा के 24 घंटों से भी कम समय में पंजाब सरकार ने इस निर्णय को कानून का रूप देने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र लिखकर तुरंत कानून का मसौदा तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि निजी स्कूलों की फीस को नियमित किया जा सके और पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। इससे 32 लाख से अधिक विद्यार्थियों और उनके परिवारों को अनुचित आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी।यह प्रस्तावित कानून वार्षिक फीस वृद्धि को 5 प्रतिशत तक सीमित करेगा और पिछले तीन वर्षों में निर्धारित 15 प्रतिशत सीमा से अधिक फीस बढ़ाने वाले स्कूलों को विद्यार्थियों के अभिभावकों से ली गई अतिरिक्त राशि वापस करनी होगी। यह कदम पंजाब सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में मुनाफाखोरी को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक निर्णायक पहल है कि निजी स्कूल व्यावसायिक लाभ की बजाय विद्यार्थियों और अभिभावकों के हित में कार्य करें।अपने निर्देशों में स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा, सुलभ और किफायती शिक्षा प्रदान करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इस समय पंजाब भर के लगभग 7,800 निजी स्कूलों में 32 लाख से अधिक विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। ये विद्यार्थी और उनके परिवार मनमाने तरीके से फीस वृद्धि के खिलाफ मजबूत सुरक्षा और इन संस्थानों के कामकाज में पूर्ण पारदर्शिता के हकदार हैं।शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में मुनाफाखोरी को सख्ती से रोकने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में यह निर्णय लिया गया है। शिक्षा एक पवित्र और जनकल्याणकारी कार्य है, न कि कोई व्यापारिक गतिविधि जिसे लाभ कमाने के लिए चलाया जाए।उन्होंने आगे कहा कि इस सिद्धांत को भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी समर्थन दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार यह स्पष्ट किया है कि निजी संस्थानों को उचित फीस लेने का अधिकार है, लेकिन शिक्षा क्षेत्र में व्यावसायीकरण और अत्यधिक मुनाफाखोरी स्वीकार्य नहीं है।शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा, नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए सरकार एक ऐसा विधायी ढांचा लाएगी जिससे निजी संस्थानों की जवाबदेही सुनिश्चित होगी और मनमानी फीस वृद्धि पर रोक लगेगी। इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और विभाग को जल्द से जल्द कैबिनेट के विचार हेतु एक व्यापक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रस्तावित कानून के तहत पंजाब सरकार निजी स्कूलों के लिए एक सख्त वार्षिक फीस सीमा लागू करेगी। नए ढांचे के अनुसार निजी स्कूलों को एक वर्ष में 5 प्रतिशत से अधिक फीस बढ़ाने की अनुमति नहीं होगी।

# सम्पादकीय

## रिजर्व बैंक ने खोली अर्थव्यवस्था के ढोल की पोल

भारतीय रिजर्व बैंक की हालिया रिपोर्ट और देश की आर्थिक स्थिति से जुड़े विभिन्न संकेतक यह सवाल खड़ा कर रहे हैं। आखिर भारत की अर्थव्यवस्था किस दिशा में जा रही है? पिछले कुछ वर्षों में सरकार और उसके समर्थकों द्वारा भारत को दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बताया जा रहा था। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में दिखाई देने वाली वास्तविकताएं एक अलग कहानी कह रही हैं। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए विदेशों पर निर्भर होता जा रहा है। एक समय देश अपनी जरूरत का लगभग 18 प्रतिशत कच्चा तेल और गैस स्वयं उत्पादित कर लेता था। शेष 82 प्रतिशत आयात करना पड़ता था। अब आयात पर निर्भरता और बढ़ गई है। कच्चे तेल, गैस, उर्वरक और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च हो रही है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, औद्योगिक सामान और अनेक उपभोक्ता वस्तुओं के लिए भारत की विदेशों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। आयात और निर्यात के बीच बढ़ता असंतुलन चिंता का विषय है। यदि किसी देश का आयात लगातार निर्यात से अधिक रहेगा तो अंततः विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। भारत का व्यापार घाटा साल दर साल लगातार बढ़ रहा है। विदेशी मुद्रा अर्जित करने में वृद्धि दिखाई नहीं दे रही। जिस गति से आयात बढ़ा है, उस अनुपात में निर्यात नहीं बढ़ पाया है। इसका सीधा असर रुपये की मजबूती पर पड़ रहा है। डॉलर और युआन जैसी मुद्राओं के मुकाबले रुपया लगातार गिर रहा है। जिसके कारण आयातित वस्तुओं की कीमत बढ़ रही है। पिछले वर्षों में सरकार ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियान चलाए, आलोचकों का मानना है, इन अभियानों का प्रभाव औद्योगिक उत्पादन और रोजगार सृजन के रूप में कहीं पर दिखाई भी दिए तो वो भी बहुत नीचे स्तर पर हैं। भारत में उत्पादन बढ़ाने के बजाय आयात आधारित उपभोग अर्थव्यवस्था को सरकारी नीतियों से बढ़ावा मिला है। अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता का एक दूसरा कारण देश में बढ़ता कर्ज है। केंद्र और राज्य सरकारें लगातार उधार लेकर खर्च बढ़ा रही हैं। निजी क्षेत्र और आम नागरिकों के ऊपर कर्ज बढ़ रहा है। गोल्ड लोन, व्यक्तिगत ऋण और क्रेडिट कार्ड आधारित उधारी में तेजी से वृद्धि हुई है। जब किसी अर्थव्यवस्था में विकास का आधार उत्पादन और आय की बजाय कर्ज बनने लगे, तो यह स्थिति लंबे समय तक टिकाऊ नहीं मानी जाती। जब खर्च करने के लिये पैसे नहीं होंगे, तो आर्थिक विकास कैसे संभव है। नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना महामारी के प्रभावों पर भी गंभीर चर्चा आवश्यक है। इन तीनों घटनाओं ने छोटे और मध्यम उद्योगों को गहरा झटका दिया। असंगठित क्षेत्र, जो भारत में रोजगार का सबसे बड़ा स्रोत था, आज भी वह उबर नहीं पाया है। बेरोजगारी और महंगाई ने आम परिवारों की आर्थिक स्थिति को कमजोर किया है। लोगों की आय कई वर्षों से सीमित है। आय की तुलना में अधिक तेजी से जीवन-यापन का खर्च बढ़ रहा है। शेयर बाजार को लंबे समय तक भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का प्रतीक बताया जाता रहा। पिछले कुछ महीनों में विदेशी निवेशकों द्वारा भारी मात्रा में पूंजी निकासी की जा रही हैं। यदि विदेशी निवेश कम होता है, घरेलू उत्पादन नहीं बढ़ता, तो आर्थिक विकास की रफ्तार पर इसका असर पड़ना स्वाभाविक है। दूसरी ओर एशिया के कई शेयर बाजार अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करते दिखाई दे रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों ने भी भारत की चुनौतियां बढ़ा दी हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव डाल रही है। ऊर्जा आयात महंगा होता है, तो उसका असर परिवहन, कृषि, उद्योग सहित सभी क्षेत्रों में पड़ता है। अंततः इसका भार आम नागरिक की जेब पर पड़ता है। वर्तमान स्थिति की तुलना 1991 के आर्थिक संकट से होने लगी है। भारत के पास उस समय की तुलना में वर्तमान में कहीं अधिक बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार, मजबूत बैंकिंग व्यवस्था और विकसित वित्तीय बाजार मौजूद हैं। यह आशंका इस लिये व्यक्त की जा रही है, उस समय की तुलना में कर्ज और ब्याज का बोझ ज्यादा है। बढ़ता व्यापार घाटा, रोजगार संकट, महंगाई, सार्वजनिक ऋण और आयात पर बढ़ती निर्भरता ऐसे संकेत हैं, जिन्हें सरकार के लिये गंभीरता से स्वीकार करने की आवश्यकता है। सरकार, वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती राजनीतिक लोकप्रियता नहीं, बल्कि आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने की है। महंगाई पर नियंत्रण, रोजगार सृजन, विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करना, निर्यात बढ़ाना, आयात निर्भरता कम करना और वित्तीय अनुशासन स्थापित करना समय की मांग है। कुछ निर्णय अलोकप्रिय हो सकते हैं, लेकिन अर्थ व्यवस्था को देखते हुए कठोर निर्णय लेने से सरकार बचेगी, तो आने वाले वर्षों में कहीं बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। अर्थव्यवस्था केवल प्रचार और आंकड़ों के सहारे नहीं चलती है। अंततः उत्पादन, रोजगार, निवेश, निर्यात और नागरिकों की क्रय शक्ति ही किसी देश की वास्तविक आर्थिक ताकत का निर्धारण करती है। इसलिए समय रहते चेतावनी के इन संकेतों को समझना, समय रहते सुधारात्मक कदम उठाना सरकार और आम जनता के हित में होगा।

# कांग्रेस को संजीवनी: दक्षिण भारत से मिल सकती है नई ताकत

**– प्रो. प्रदीप माथुर**

इतिहास मानो स्वयं को दोहरा रहा है। आपातकाल के बाद 1977 के चुनावों में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी को विपक्षी दलों के संयुक्त मोर्चे, जनता पार्टी, से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा था। मात्र दो महीने पुरानी जनता पार्टी ने उत्तर, पश्चिम और पूर्व भारत में कांग्रेस जैसी पुरानी और स्थापित पार्टी का लगभग सफाया कर दिया था। लेकिन दक्षिण भारत इंदिरा गांधी के साथ खड़ा रहा और कांग्रेस के पुनरुत्थान का उत्प्रेरक बना। परिणामस्वरूप, सत्ता खोने के मात्र तीन वर्षों के भीतर कांग्रेस फिर से केंद्र की सत्ता में लौट आई। क्या अब एक बार फिर दक्षिण भारत कांग्रेस के पुनरुत्थान का उत्प्रेरक बनने जा रहा है और उसे नई दिल्ली की सत्ता तक पहुंचने का मार्ग दिखाएगा?निस्संदेह, इस बार परिस्थितियाँ काफी भिन्न हैं। अब लड़ाई किसी एक राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं, बल्कि एक हानिकारक वैचारिक तंत्र के विरुद्ध है। इसके अतिरिक्त, कांग्रेस के पास इंदिरा गांधी जैसी क्षमता और करिश्मे वाला कोई नेता भी नहीं है।यह सच है कि मोदी सरकार जैसी मजबूत और जमी हुई सत्ता को चुनौती देने के लिए विपक्ष के पास इंदिरा गांधी के कद का नेता नहीं है। किंतु उसके पास अपार संभावनाओं वाले कई नेता हैं। इनमें नवीनतम नाम तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय थलापति का है, जिनकी मात्र दो वर्ष पुरानी टीवीके पार्टी लगभग आधी सदी पुरानी सत्तारूढ़ भाजपा के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है।



वास्तविकता यह है कि पश्चिम बंगाल के तीव्र चुनावी संघर्ष और विदेश में खाड़ी युद्ध जैसी घटनाओं के बीच हम राष्ट्रीय राजनीति पर विजय थलापति की जीत के प्रभाव का सही आकलन नहीं कर पाए हैं। इसे किसी दूरस्थ दक्षिणी राज्य की एक छोटी घटना मानना बहुत बड़ी भूल होगी। उन्हें केवल एक लोकप्रिय फिल्म स्टार मानकर नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता, जिन्हें तमिलनाडु के फिल्म-प्रेमी लोगों ने उसी प्रकार सत्ता में पहुंचाया हो जैसा उन्होंने करुणानिधि, एम.जी. रामचंद्रन और जयललिता के मामले में किया था।विजय वैचारिक रूप से उन मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हैं जो भारतीय लोकतंत्र के मार्गदर्शक सिद्धांत रहे हैं, इससे पहले कि मोदी ने भारतीय राजनीति के संतुलन को बदलकर उसे हिंदुत्व और पूंजीपति-परस्त व्यवस्था की ओर मोड़ दिया।विजय खुलकर धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और गरीब-समर्थक शासन व्यवस्था की बात करते हैं, जो मोदी की भाजपा और उसके कॉर्पोरेट समर्थकों को स्वीकार्य नहीं है। जब अनेक नेता बहुसंख्यक समुदाय के समर्थन के खोने के भय से धर्मनिरपेक्षता की बात करने से कतराते हैं, तब विजय ने ऐसी कोई झिझक नहीं दिखाई है। वे भारतीय धर्मनिरपेक्ष परंपरा के सबसे बड़े प्रतीक के रूप में उभरे हैं—एक ईसाई, जो मात्र 6 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं, लेकिन जिन्हें 88 प्रतिशत हिंदू बहुसंख्यक समुदाय ने अपना नेता चुना है। कांग्रेस की विचारधारा के प्रति विजय का समर्थन और राहुल गांधी के प्रति उनकी प्रशंसा किसी से छिपी नहीं है। जहाँ उत्तर भारत के भाजपा-विरोधी नेता, जैसे अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल, राहुल गांधी के प्रति सावधानीपूर्ण रुख अपनाते रहे हैं, वहीं विजय ने ऐसा कोई संकोच नहीं दिखाया। लगभग 50 वर्षों में पहली बार कांग्रेस तमिलनाडु की सत्तारूढ़ व्यवस्था का हिस्सा बनी है। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भाजपा के साथ अपने गठबंधन में पूरी तरह सहज नहीं हैं। उन्हें आशंका है कि मोदी की भाजपा से उनकी निकटता मुस्लिम मतदाताओं के बीच उनके समर्थन को नुकसान पहुंचा सकती है, जो लंबे समय से उनके साथ रहे हैं। इसके अलावा, चंद्रबाबू नायडू महत्वाकांक्षी नेता हैं और राष्ट्रीय राजनीति में बड़ी भूमिका निभाना चाहते हैं। कर्नाटक, तेलंगाना और केरल पहले से ही कांग्रेस के प्रभाव या नियंत्रण में हैं और तमिलनाडु में भी एक मित्रवत मुख्यमंत्री है। ऐसे में कांग्रेस का पुनरुत्थान धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से दक्षिण भारत से शुरू होता दिखाई दे रहा है, जैसा कि इंदिरा गांधी के समय हुआ था। निस्संदेह, इस बार संघर्ष अधिक कठिन है, क्योंकि कांग्रेस और उसके सहयोगियों को केवल एक अत्यंत कुशल और चालाक नेता तथा उसकी पार्टी से ही नहीं, बल्कि सांप्रदायिक विचारधारा, विशाल धनबल, सरकारी मशीनरी के खुले उपयोग, संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता के हनन और एक अनुकूल मीडिया से भी मुकाबला करना पड़ रहा है। फिर भी ऐसा प्रतीत होता है कि परिस्थितियाँ हमारी अपेक्षा से कहीं अधिक तेजी से बदल रही हैं। भाजपा भले ही चुनाव जीत रही हो, लेकिन वह लगातार जनसमर्थन खो रही है। अब जनता भी धर्म के नशे से धीरे-धीरे बाहर निकल रही है। बढ़ती महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी ने लोगों को भाजपा और उसके वादों से निराश कर दिया है। जनरेशन-ज़ेड (ळदद्ग्) विशेष रूप से नाराज़ है, जैसा कि नीट (ह्वश्वश्ञ्ज) परीक्षा-पत्र लीक प्रकरण पर उसकी तीखी प्रतिक्रिया और कॉकरोच जनता पार्टी को मिले व्यापक समर्थन से देखा जा सकता है।

चेन्नई में विजय थलापति का सत्ता में आना अकेले भाजपा जैसी मजबूत पार्टी का मुकाबला करने के लिए पर्याप्त नहीं है, लेकिन वे अकेले भी नहीं हैं।

इसके अतिरिक्त प्रियंका गांधी भी हैं, जिनमें दक्षिण भारत के बहुत से लोग, विशेषकर महिलाएँ, अपनी प्रिय इंदिरा अम्मा की छवि देखती हैं। प्रियंका गांधी ने अपने संसदीय जीवन की शुरुआत दक्षिण भारत से ही केरल की वायनाड सीट जीतकर की है। यही दक्षिण भारत कभी इंदिरा गांधी के राजनीतिक पुनरुत्थान का भी आधार बना था, जब उन्हें कर्नाटक के चिकमंगलूर से संसद में भेजा गया था और उनकी राजनीतिक किस्मत फिर चमक उठी थी। हालाँकि, विजय निश्चित रूप से एक उत्प्रेरक की भूमिका निभाने जा रहे हैं और भारतीय राजनीति में उनका आगमन लोकतांत्रिक राजनीति का एक महत्वपूर्ण मोड़ सिद्ध होगा। उनकी लोकप्रियता तमिलनाडु की सीमाओं से बहुत आगे तक फैली हुई है। भाजपा-विरोधी शक्तियों के साथ उनकी मौजूदगी स्पष्ट संकेत दे रही है कि सांप्रदायिक घृणा की राजनीति और पूंजीपति-परस्त व्यवस्था का दौर समाप्ति की ओर बढ़ रहा है और राजनीति अपने पुराने स्वरूप की ओर लौट सकती है। भारत जैसे विविधताओं से भरे विशाल देश को ऐसी सरकार की आवश्यकता है जो उदारवादी हो, गरीबों के हितों की पक्षधर हो, निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाए, सार्वजनिक जीवन के स्थापित मानदंडों और मूल्यों का सम्मान करे, साहसिक विदेश नीति का पालन करे और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता का सम्मान करे।मोदी के राष्ट्रीय राजनीति में आने से पहले जो स्थापित राजनीतिक संस्कृति प्रचलित थी, उसकी ओर लौटने में कितना समय लगेगा, यह कहना कठिन है। किंतु संकेत यही हैं कि यह प्रक्रिया बहुत लंबी नहीं होगी।

# चुनावी हार के बाद इंडिया गठबंधन की होने वाली बैठक के मायने

**– सौरभ वार्ष्णेय**

भारतीय राजनीति में विपक्षी दलों के मंच के रूप में उभरे इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक पर देश की राजनीतिक निगाहें टिकी हुई हैं। यह बैठक केवल विभिन्न दलों के नेताओं का एक औपचारिक जमावड़ा नहीं है, बल्कि विपक्ष की एकता, उसकी रणनीति और भविष्य की राजनीतिक दिशा का महत्वपूर्ण संकेतक भी मानी जा रही है। ऐसे समय में जब देश की राजनीति लगातार नए समीकरणों और चुनौतियों से गुजर रही है, यह बैठक कई मायनों में महत्वपूर्ण हो जाती है। लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी राजनीति एक नए दौर में प्रवेश कर चुकी है। चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट किया कि विपक्ष यदि एकजुट होकर रणनीति बनाए तो वह सत्तापक्ष को कड़ी चुनौती दे सकता है। हालांकि चुनाव के बाद गठबंधन के भीतर कई मुद्दों पर मतभेदों की चर्चाएं भी सामने आईं। ऐसे में यह बैठक गठबंधन के भीतर विश्वास और समन्वय को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।

बैठक का एक प्रमुख एजेंडा संसद के आगामी सत्रों में विपक्ष की संयुक्त रणनीति तय करना हो सकता है। महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट, सामाजिक न्याय, संघीय ढांचे तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका जैसे मुद्दों पर विपक्ष किस प्रकार सरकार को घेरने की कोशिश करेगा, इस पर चर्चा होने की संभावना है। यदि गठबंधन इन मुद्दों पर एक स्वर में बोलने में सफल रहता है तो उसकी राजनीतिक प्रभावशीलता बढ़ सकती है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव भी बैठक के केंद्र में रह सकते हैं। सीटों के तालमेल, चुनावी रणनीति और साझा प्रचार अभियान जैसे विषयों पर सहमति बनाना गठबंधन के लिए आसान नहीं होगा। कई राज्यों में सहयोगी दल एक-दूसरे के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भी रहे हैं। इसलिए यह बैठक इस बात की भी परीक्षा होगी कि गठबंधन अपने आंतरिक मतभेदों को कितनी कुशलता से संभाल पाता है।




राजनीतिक दृष्टि से यह बैठक विपक्षी नेतृत्व के प्रश्न पर भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि देश के सामने एक वैकल्पिक दृष्टि और भरोसेमंद नेतृत्व प्रस्तुत करना भी है। जनता केवल विरोध की राजनीति नहीं, बल्कि समाधान और सकारात्मक एजेंडा भी देखना चाहती है। सत्तापक्ष के लिए भी इस बैठक के निहितार्थ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। एक मजबूत और संगठित विपक्ष लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाता है। विपक्ष की सक्रियता सरकार को अपनी नीतियों और निर्णयों पर अधिक स्पष्टता तथा जवाबदेही के लिए प्रेरित करती है। इसलिए विपक्षी एकता का प्रश्न केवल राजनीतिक दलों का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का भी विषय है।

इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक का महत्व उसके द्वारा पारित प्रस्तावों से कहीं अधिक इस बात में निहित होगा कि वह जनता के बीच कितना विश्वास पैदा कर पाती है। यदि बैठक से स्पष्ट रणनीति, मजबूत समन्वय और जनहित के मुद्दों पर ठोस दृष्टिकोण सामने आता है, तो यह विपक्ष के लिए नई ऊर्जा का स्रोत बन सकती है। लेकिन यदि मतभेद और अस्पष्टता हावी रहती है, तो गठबंधन के सामने अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की चुनौती और बढ़ जाएगी। लोकतंत्र में सशक्त सरकार जितनी आवश्यक है, उतना ही आवश्यक एक सशक्त और जिम्मेदार विपक्ष भी है। इंडिया गठबंधन की यह बैठक इसी कसौटी पर परखी जाएगी।बैठक में टीएमसी का मुद्दा उठेगा? इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक केवल सीटों के बंटवारे, चुनावी रणनीति या सरकार के खिलाफ विपक्षी एकता के प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहने वाली है। हाल के दिनों में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ (टीएमसी) से जुड़े नेताओं पर हुए हमलों, पार्टी और सहयोगी दलों के बीच बढ़ती राजनीतिक दूरी तथा विपक्षी एकजुटता को लेकर उठ रहे सवालों के कारण टीएमसी का मुद्दा बैठक में प्रमुखता से उठ सकता है।

टीएमसी इंडिया गठबंधन की सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय पार्टियों में से एक है। पश्चिम बंगाल में उसका मजबूत जनाधार है और राष्ट्रीय राजनीति में भी उसकी भूमिका लगातार बढ़ी है। लेकिन कई अवसरों पर टीएमसी और गठबंधन के अन्य दलों, के बीच मतभेद सामने आते रहे हैं। ऐसे में यदि विपक्षी एकता को मजबूत करना है तो इन अंतर्विरोधों पर खुलकर चर्चा आवश्यक होगी। हाल ही में टीएमसी नेताओं पर हुए हमलों और राजनीतिक हिंसा की घटनाओं ने भी चिंता बढ़ाई है। लोकतंत्र में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, लेकिन हिंसा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकती। यदि किसी दल के नेताओं या कार्यकर्ताओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगता है, तो यह केवल उस दल का नहीं बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे का विषय बन जाता है। इसलिए संभावना है कि इंडिया गठबंधन की बैठक में राजनीतिक हिंसा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का मुद्दा भी उठे। दूसरी ओर, गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती भाजपा के मुकाबले एक साझा राजनीतिक विकल्प प्रस्तुत करने की है। यदि सहयोगी दल आपसी मतभेदों को सार्वजनिक रूप से बढ़ाते हैं, तो इसका सीधा लाभ सत्तापक्ष को मिल सकता है। इसलिए बैठक में टीएमसी से जुड़े विवादों पर चर्चा होने के साथ-साथ संवाद और समन्वय बढ़ाने पर भी जोर दिया जा सकता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि विपक्षी गठबंधन केवल चुनावी गणित का नाम नहीं है।

# आखिर योगी आदित्यनाथ ने आततायियों को दिया सख्त संदेश

**– मनोज कुमार अग्रवाल**

आखिर यूपी पुलिस ने बकरीद के दिन एक सत्रह साल के हिन्दू छात्र की चाकू घोंप कर नृशंसता भरी बर्बर हत्या करने वाले मुख्य हत्यारे असद का एनकाउंटर कर अराजक हिंसक तत्वों को कड़ा संदेश दे दिया है। उधर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने सूर्या प्रताप चौहान हत्याकांड का जिक्र करते हुए स्पष्ट और सख्त लहजे में कहा है कि दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। बिजनौर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने इस मामले पर कड़े निर्देश दिए उन्होंने शोहदों और ऐसे अपराध करने वाले युवाओं को नसीहत देते हुए कहा कि नालायक औलादों को समझाना जरूरी है, वरना अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। सरकार कानून का पालन करने वाले आम नागरिकों के साथ खड़ी है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा संदेश साफ है कि यूपी को बांग्लादेश या पाकिस्तान समझना भूल होगी। बर्बरता और जघन्यता का माकूल जबाव पुलिस बिना देरी के देगी। आपको बता दें देश के कई इलाकों में जिस तरह की सांप्रदायिक नफरत और प्रतिशोध से भरी वारदातें सामने आती हैं उस से लगता है कि इन वारदातों के पीछे कोई ऐसी पूरी सुनियोजित साजिश रहती है जो नफरत और खूनी दरिंदगी भरी मानसिकता का बीजारोपण करती है पिछले कुछ समय में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और इस से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में ऐसी कई बर्बरता भरी वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है जिनसे लगता है कि कानूनी सख्ती के बावजूद दरिंदों में पुलिस और कानून का रंचमात्र भय नहीं है। ताज़ा घटनाक्रम में गाजियाबाद से एक बेहद सनसनीखेज और कलेजा कँपा देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ खोड़ा थाना क्षेत्र में बकरीद के दिन एक 17 वर्षीय हिंदू किशोर, सूर्या चौहान की उसके ही पूर्व परिचित मुस्लिम दोस्तों ने बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने से ठीक पहले कट्टरपंथी हमलावरों ने पीड़ित से पूछा, क्या तुमने कभी बकरा हलाल होते देखा है? आज तुझे दिखाते हैं। आरोप है कि यह कहते ही उन्होंने सूर्या पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर दिया। नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने रविवार के तड़के मुख्य आरोपी असद को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है इस से पहले 3 नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया और 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया । आपको बता दें मृतक सूर्या चौहान मूल रूप से एटा का रहने वाला था। वह नवनीत विहार, खोड़ा में अपनी माँ, बड़े भाई यश चौहान और छोटी बहन के साथ रहता था। उसके पिता कौशलेंद्र की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। सूर्या 11वीं कक्षा का छात्र था। जानकारी के मुताबिक, करीब 8 महीने पहले सूर्या का पड़ोस में रहने वाले असद नाम के युवक से किसी बात पर मामूली विवाद हुआ था। इसी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए असद ने बकरीद के पवित्र दिन को चुना। 28 मई की दोपहर को असद ने सूर्या को फोन किया। उसने सूर्या को बकरीद की पार्टी



के बहाने मिलने के लिए चौधरी स्कूल के पास वाली गली नंबर 2 में बुलाया।सूर्या अपने दोस्त आयुष और विक्की के साथ असद से मिलने पहुँचा था। विक्की और आयुष ने आँखों देखा हाल बताते हुए बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया। विक्की ने बताया कि जैसे ही वे गली में पहुँचे, वहाँ पहले से ही असद, नवाब, फरहान, आतिफ और सारिक समेत 5 से 6 मुस्लिम युवक हथियारों के साथ घात लगाकर बैठे थे बताया जा रहा है कि आते ही उन्होंने सूर्या को चारों तरफ से दबोच लिया। इसके बाद उन्होंने सांप्रदायिक और हिंसक टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? बताया गया है कि आरोपितों ने चिल्लाते हुए कहा कि आज बकरीद है और आज कुर्बानी इस हिंदू लड़के की देंगे। यह कहते ही सभी आरोपितों ने सूर्या पर बड़े चाकुओं से हमला बोल दिया। उन्होंने सूर्या के पेट, सीने और शरीर के अन्य हिस्सों पर ताबड़तोड़ कई वार किए। हमला इतना बर्बर था कि चाकुओं की गोदने की वजह से सूर्या की आंतें तक बाहर आ गईं।मौके पर चीख-पुकार और शोर मच गया। शोर सुनकर पास ही मौजूद सूर्या का भाई यश चौहान और उसकी माँ दौड़ते हुए घटना स्थल की तरफ भागे। परिजनों को अपनी तरफ आता देख सभी मुस्लिम हमलावर खून से लथपथ सूर्या को तड़पता हुआ छोड़कर मौके से फरार हो गएपरिजन आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल सूर्या को नोएडा के सेक्टर-62 स्थित फोर्टिस अस्पताल लेकर पहुँचे। वहाँ डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद अगले दिन यानी 29 मई को दोपहर करीब 12 बजे सूर्या ने दम तोड़ दिया। सूर्या की मौत की खबर जैसे ही खोड़ा इलाके में फैली, वहाँ भारी रोष और सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बन गई।

हिंदू समाज का कहना है कि यह केवल दो गुटों की लड़ाई नहीं, बल्कि बहुसंख्यक समाज की सुरक्षा पर सीधा प्रहार है। आपको बता दें कि यूपी के गाजियाबाद और इस से सटे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आस-पास के क्षेत्रों में हत्या के कुछ हालिया मामलों में मुस्लिम समुदाय से जुड़े आरोपियों के नाम सामने आए हैं। हालांकि, पुलिस जांच और आधिकारिक रिपोर्टों में इन घटनाओं को सुनियोजित या समुदाय-विशिष्ट घृणा के बजाय मुख्य रूप से आकस्मिक विवादों, पुरानी दुश्मनी या आपसी रंजिश का परिणाम बताया गया है।आपको दो माह पहले जेजे कालोनी उत्तम नगर की नृशंसता भरी वारदात याद होगी यहां हिन्दू त्योहार होली के दिन रंग-बिरंगे पानी के छींटे पड़ने और गुब्बारा लगने को लेकर दो समुदाय से जुड़े परिवारों के बीच विवाद हुआ था। इस घटना में 26 वर्षीय तरुण कुमार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसी दिन यानि होली के दिन ही सिगरेट के विवाद में सूरज नामक 26 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई।

# नीलोखेड़ी शहर में चलाया गया गहन स्वच्छता अभियान



**नीलोखेड़ी, 4 जून ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** पर्यावरण दिवस के अवसर पर नपाध्यक्ष सनमीत कौर आहूजा व सचिव डॉक्टर राहुल सैनी के नेतृत्व में गहन स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान की शुरुआत रेलवे रोड गुरूद्वारा साहिब के पीछे वाली गली से की गई। यह अभियान सभी वार्डों में अलग-अलग स्थानों पर चलाया जाएगा। विशेष बात यह है कि गुरूद्वारा साहिब के पीछे वाली गली में इस जगह पर काफी दिनों से कचरा संवेदनशील बिंदू बना हुआ था नगरपालिका द्वारा हर रोज इस स्थान से कचरा उठाया जा रहा था लेकिन कचरा डालने वाले लोग भी हर रोज कचरा डाल देते थे। नगरपालिका ने पौधे सहित गमले रखकर व रंगोली बनाकर इस स्थान का सौन्दर्यकरण कर दिया और खुलें में कचरा ना डालने का चेतावनी बैनर भी दीवार पर लगा दिया।

नगरपालिका अध्यक्ष व सचिव द्वारा शहरवासियों से खुलें में कचरा ना डालने की अपील करते हुए कहा गया कि नीलोखेड़ी शहर को स्वच्छ स्वस्थ और सुन्दर बनाने में नगरपालिका का सहयोग करें। यदि शहरवासियों का सहयोग रहा तो नीलोखेड़ी शहर बहुत जल्द कचरा मुक्त होगा। प्रेरकों द्वारा घर-घर जाकर गीला कचरा और सुखा कचरा अलग-अलग करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके साथ वार्ड 6 के लोगों को किचन वेस्ट से जैसे सब्जियों के छिलके, फलों के छिलके इत्यादि से जोकि गलनशील पदार्थ है किस तरह से घर में ही जैविक खाद बना सकते हैं। वार्ड के लोगो को होम कम्पोस्टिंग ट्रेनिंग दी गई।

इस मौके पार्षद रनबीर भाटिया, अमित शैली, गुरविंदर सिंह, भूपेश जूनेजा व नगरपालिका से सभी सफाई यौदा सफाई इंचार्ज राजबीर, मुनीश कुमार, प्रेरक नरेश कुमार, संगीता रानी, सफाई दरोगा सुनील कुमार, विनोद कुमार, सुगम स्वच्छता टीम से सुपरवाइजर दीपक कुमार और शहर के अन्य समाजसेवी मौजूद रहे।

# 7 ग्राम 07 मिलीग्राम हेरोइन सहित युवक काबू

**ऐलनाबाद, 4 जून ( ब्यूरो ) :** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने रोडी क्षेत्र से एक युवक के कब्जा हजारों रूपए की 7 ग्राम 07 मिलीग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार की किए गए युवक की पहचान हरमीत सिंह उर्फ लाली पुत्र जशपाल निवासी मांछी पत्ती रोडी जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद पुलिस की एक टीम गश्त व चेकिंग के दौरान रोडी क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब गांव रोडी के सरकारी स्कूल के नजदीक पहुंची तो सामने एक युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया।



उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडकर खिसकने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर युवक काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके के कब्जा से 7 ग्राम 07 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार की किए गए युवक के खिलाफ थाना रोडी में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई।

सीआईए प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान हेरोइन तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# टीम ने 650 प्रतिबन्धित नशीले ट्रामाडौल कैप्सूल व 8.19 ग्राम हीरोइन ( स्मैक ) सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**यमुनानगर, 4 जून ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन के आदेशों अनुसार नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों को पकडने के लिये चलाये जा रहे आप्रेशन मैदान -2.0 को सफल बनाने के लिये पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने हृष्टक्र जैसे जघन्य अपराध में सलिंप्त अपराधियों को पकडने के लिये सभी अपराध यूनिटों/थाना/चौकियों को सख्त दिशा निर्देश दिये हुये हैं। जिसके तहत कार्यवाही करते हुए अपराध शाखा - 2 की टीम ने 650 प्रतिबन्धित नशीले ट्रामाडौल कैप्सूल व 8.19 ग्राम हीरोइन (स्मैक) सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इंचार्ज राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि गांव भवानीपुर मोड के पास एक युवक नशीले पदार्थों के साथ घूम रहा है। इस सूचना पर उप निरीक्षक रजत कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौके पर जाकर एक युवक को काबू किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार मुस्तफाबाद संदीप शर्मा को बुलाया गया।

पूछताछ पर जिसकी पहचान गांव ज्ञानेवाला निवासी हर्ष कमल उर्फ हैप्पी पुत्र सुखबीर सिंह के नाम से हुई। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 650 प्रतिबन्धित नशीले ट्रामाडौल कैप्सूल व 8.19 ग्राम हीरोइन (स्मैक) बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# 2026-27 टीम मिशन ग्रीन का कार्यभार मनोज कुमार के कंधो पर

**ऐलनाबाद, 4 जून ( ब्यूरो ) :** पर्यावरण संरक्षण सेवा ट्रस्ट, शाखा टीम मिशन ग्रीन की एक अहम बैठक बुधवार शाम को संपन्न हुई। इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछले वर्षों के कार्यकाल के दौरान टीम के द्वारा किए गए कार्यो के बारे में समीक्षा की। टीम संरक्षक के तौर पर सुभाष चन्द्र नगर पार्षद,राम अवतार पारीक मौजूद रहे। बैठक में पहुंचे सभी सदस्यों का टीम प्रधान सोहनलाल सोनी ने स्वागत किया और टीम के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए बधाई दी। इस दौरान आगामी वर्ष 2026-27 की कार्यकारिणी के लिए विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से मनोज कुमार को टीम अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त टीम अध्यक्ष को सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की व पूर्व अध्यक्ष सोहनलाल सोनी ने गले में माला पहनकर नवनिर्मित



अध्यक्ष का स्वागत किया। नव नियुक्त टीम अध्यक्ष मनोज कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार टीम के सदस्यों द्वारा मुझ पर विश्वास जताया गया है मैं वादा करता हूं कि टीम के नियमानुसार चलता हुआ अपने कार्यकाल में सभी को साथ लेकर सामाजिक कार्यों में हमेशा ही अग्रसर रहूंगा। उन्होंने कहा कि वह यह भी उम्मीद रखता है कि सभी सदस्य टीम का सहयोग करते हुए सामाजिक कार्यों में हमेशा ही बढ़-चढ़ कर भाग लेते रहेंगे। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम हमारा कार्य पर्यावरण व जीव जंतुओं की सेवा के प्रति रहेगा इसके अतिरिक्त कहीं भी शहर में साफ सफाई का कार्य करना पड़ेगा तब भी टीम मिशन ग्रीन का अहम योगदान रहेगा। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में शेष कार्यकारिणी की भी घोषणा कर टीम सदस्यों में बढ़ोतरी की जाएगी। इस दौरान टीम सदस्य बलराज सिंह, जगदीश सोनी, रतन लाल सोनी, अशोक खिचवानियां, रवि खिचवानियां व अनील सोनी मौजूद रहे।

## टीम मिशन ग्रीन पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने को लेकर मिट्टी के सकोरे करेगी निःशुल्क वितरित

**ऐलनाबाद, 4 जून ( ब्यूरो ) :** भीषण गर्मी व प्रर्यावरण दिवस पर शहर ऐलनाबाद की सामाजिक संस्था टीम मिशन ग्रीन द्वारा पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर के हनुमानगढ़ रोड पर स्थित योग साधना मंदिर में आज शुक्रवार को मिट्टी के सकोरे निःशुल्क वितरित किए जाएगे। टीम मिशन ग्रीन प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि गर्मी में पानी की कमी के कारण कई पक्षी परेशान होते हैं और एक छोटा जल पात्र भी उनके लिए जीवनदान साबित हो सकता है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आप निशुल्क सकोरे शुक्रवार को योग साधना मंदिर हनुमानगढ़ रोड से सुबह सात बजे प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने आमजन से अपील की कि वे प्रतिदिन सकोरे में स्वच्छ पानी भरें, ताकि पक्षियों को गर्मी से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी जो हमें फोटो भेजेगें जिस सकोरे पर ज्यादातर पक्षी होगें उसको सम्मानित किया जाएगा।

# साईकिल दौड़ाकर स्वास्थ्य, फिटनेस व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे विधायक कबीरपंथी समेत गणमान्य लोग

**तरावड़ी, 4 जून ( छाया शर्मा ) :** अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में तरावड़ी साइकिल क्लब एवं भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी के संयुक्त तत्वावधान में 7 जून रविवार को जागरूकता साइकिल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। जानकारी देते हुए मोहित चौधरी एवं विजय सिंगला ने बताया कि साइकिल यात्रा का शुभारंभ प्रातःकाल किले के पास स्थित राजकीय सह-शिक्षा विद्यालय, तरावड़ी से होगा। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई अंजनथली रोड स्थित बागवानी विश्वविद्यालय तक पहुंचेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा, वरिष्ठ नागरिक, खिलाड़ी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि साइकिल चलाकर स्वस्थ जीवन का संदेश देंगे।कार्यक्रम में हल्का विधायक भगवानदास कबीरपंथी मुख्य अतिथि के रूप में तथा मार्केट कमेटी तरावड़ी के वाइस चेयरमैन राजीव नारंग विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। दोनों अतिथि स्वयं भी साइकिल चलाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का संदेश देंगे। तरावड़ी साइकिल क्लब एवं भारत विकास परिषद के सदस्यों ने विधायक कबीरपंथी को निमंत्रण दिया। इस अवसर पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और बदलती जीवनशैली के कारण अनेक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे में साइकिल चलाना न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी

*तरावड़ी साइकिल क्लब एवं भारत विकास परिषद द्वारा 7 जून को निकाली जाएगी जागरूकता साइकिल यात्रा*



महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को मोबाइल और अन्य डिजिटल उपकरणों से समय निकालकर खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। साइकिल एक ऐसा साधन है जो स्वास्थ्य, बचत और पर्यावरण तीनों के लिए लाभकारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के फिट इंडिया अभियान की भावना के अनुरूप इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा नई पीढ़ी को फिट और सक्रिय जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है। आयोजकों ने बताया कि तरावड़ी साइकिल क्लब द्वारा प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से साइकिल यात्रा निकाली जाती है, जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों साइकिल प्रेमी भाग लेते हैं। क्लब पिछले कई वर्षों से लोगों को फिटनेस, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के नागरिकों, युवाओं एवं खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस जागरूकता यात्रा का हिस्सा बनें और स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर विजय सिंगला, मुकेश गर्ग, प्रवीण गुप्ता, राजीव नारंग, मोहित चौधरी, निखिल मिड्ढा, विशाल चौधरी, यश सलूजा, हरीश सचदेवा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# बोर्ड ऑफ ट्रेड में घरौंडा के सतीश गोयल को मिली बड़ी जिम्मेदारी, देश के निर्यात को मिलेगा नया बल

**घरौंडा, 4 जून ( सतीश कुमार पंडित ) :** घरौंडा केंद्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने देश के निर्यात और व्यापार को नई दिशा देने के उद्देश्य से बोर्ड ऑफ ट्रेड (बीओटी) का पुनर्गठन किया है। सरकार द्वारा जारी नई अधिसूचना के तहत वर्ष 2022 में नियुक्त 29 गैर-सरकारी सदस्यों की जगह अब विभिन्न क्षेत्रों से 40 नए विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। इस नई सूची में घरौंडा के उद्योगपति एवं ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश गोयल को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। बोर्ड ऑफ ट्रेड का गठन वर्ष 2019 में काउंसिल फॉर ट्रेड डेवलपमेंट एंड प्रमोशन को मिलाकर किया गया था। इसमें सरकारी और पदेन सदस्यों के साथ विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को शामिल किया जाता है। सरकार का उद्देश्य उद्योग, व्यापार और निर्यात क्षेत्र से जुड़े अनुभवी लोगों को एक मंच पर लाकर देश की व्यापारिक नीतियों को अधिक प्रभावी बनाना है।



नवगठित बोर्ड में देश के विभिन्न उद्योगों, व्यापारिक संगठनों और विशेषज्ञ संस्थाओं के प्रतिनिधियों को स्थान दिया गया है। सतीश गोयल देश के चावल उद्योग से जुड़े एकमात्र प्रतिनिधि हैं। उनकी नियुक्ति को हरियाणा और विशेष रूप से घरौंडा क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। सतीश गोयल ने कहा कि सरकार का यह कदम निर्यात क्षेत्र को मजबूत करने और व्यापार से जुड़े विभिन्न पक्षों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा। बोर्ड ऑफ ट्रेड के गैर-सरकारी सदस्यों की भूमिका राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को व्यापार नीति से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखने का अवसर प्रदान करना होगा। इसके साथ ही वे जिला स्तर पर एक्सपोर्ट हब विकसित करने, निर्यात रणनीति तैयार करने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में हो रहे बदलावों की जानकारी राज्यों तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे। इसके अलावा बोर्ड के सदस्य विभिन्न क्षेत्रों के निर्यात प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे, व्यापार से जुड़ी समस्याओं की पहचान कर समाधान सुझाएंगे तथा आयात-निर्यात प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए सरकार को सुझाव देंगे।

सड़क, बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स और अन्य व्यापारिक बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े विषयों पर भी बोर्ड महत्वपूर्ण सलाह देगा। घरौंडा के सतीश गोयल की इस नियुक्ति से क्षेत्र के उद्योग जगत में खुशी का माहौल है। व्यापारिक संगठनों का मानना है कि उनके अनुभव का लाभ देश के साथ-साथ हरियाणा के निर्यात क्षेत्र को भी मिलेगा और भारत के वैश्विक व्यापार को नई मजबूती प्राप्त होगी।

# महंगाई और राष्ट्रीय सुरक्षा पर कांग्रेस सेवा दल का मंथन

*जागते रहो के संदेश के साथ कांग्रेस सेवा दल ने कार्यकर्ताओं को किया आगाह : विजेंद्र कपूर*

**नरवाना, 4 जून ( नरेन्द्र कुमार ) :** कांग्रेस सेवा दल हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पूनम चौहान की अध्यक्षता में एक शिक्षण संस्थान में कांग्रेस सेवा दल एवं कांग्रेस नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों के सेवा दल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। हिसार जिला कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष विजेंद्र कपूर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक में देश के समक्ष मौजूद गंभीर चुनौतियों, विशेषकर महंगाई, बेरोजगारी और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पूनम चौहान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में विश्व




एक कठिन दौर से गुजर रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। ऐसे समय में आमजन की समस्याओं, महंगाई और देश की सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता के साथ विचार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत को सोने की चिड़िया बनाने में कांग्रेस के महान नेताओं महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा अन्य स्वतंत्रता सेनानियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कांग्रेस उनके सपनों के भारत की तस्वीर को धूमिल नहीं होने देगी।इस अवसर पर हिसार जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष विजेंद्र कपूर ने कहा कि देश के संसद भवन के सिंह द्वार पर अंकित 'सत्यमेव जयते' केवल शब्द नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। इसके वास्तविक अर्थ को समझना और उसके अनुरूप कार्य करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवा दल सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित के मुद्दों के लिए सजग प्रहरी की भूमिका निभाता रहेगा।वहीं विधायक आदित्य ने कहा कि कांग्रेस आगामी 2029 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए मजबूत और ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अकुशल राजनीति देश और समाज के लिए घातक सिद्ध होती है। कांग्रेस का उद्देश्य जन-जन में जागरूकता पैदा करना है, जिसके लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी लगातार मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।बैठक में रणवीर सहारण, संजय त्यागी, सुनीता मोन, रामचंद्र गुर्जर, जोगिंदर राठी, नरेंद्र गोरछी, वेदपाल डांगी, अरजीत, कुलदीप, मनोज, बलवंत, विक्रम, रमेश गुर्जर, जय भगवान, सुरेंद्र बजाड़, कमल, एस.एस. गौड़, सतवीर सिंह, धर्मेंद्र, सतीश चौहान, रमेश डांगरा, ब्रह्मानंद सोनी, होशियार सिंह, अनिल शर्मा, राजू सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारतीय भाषा समर कैंप में बच्चों ने जाना स्वाद, सेहत और संस्कृति का संगम

*राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में चौथा दिन 'भोजन और रसोई' विषय को समर्पित*

**नरवाना, 4 जून ( नरेन्द्र कुमार ) :** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में चल रहे भारतीय भाषा समर कैंप के चौथे दिन का आयोजन भोजन और रसोई विषय पर किया गया। दिनभर चली विविध गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भारतीय खान-पान, पारंपरिक व्यंजनों और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।विद्यालय के प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने बताया कि भारतीय भाषा समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं के साथ-साथ देश की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों से जोड़ना है। इसी कड़ी में चौथे दिन बच्चों को भोजन और रसोई से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान से परिचित कराया गया।



कैंप के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न फलों एवं सब्जियों के नामों की जानकारी दी गई तथा उनके पोषण मूल्य और स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों ने खाद्य पदार्थों की पहचान करते हुए स्वस्थ जीवनशैली में संतुलित आहार की भूमिका को समझा।इसके अलावा विद्यार्थियों को रसोई में उपयोग किए जाने वाले प्रमुख मसालों की पहचान करवाई गई। हल्दी, जीरा, धनिया, इलायची, लौंग और दालचीनी जैसे मसालों के स्वाद, सुगंध तथा औषधीय गुणों के बारे में रोचक जानकारी दी गई। बच्चों ने भारतीय रसोई की विविधता और पारंपरिक व्यंजनों की विशेषताओं को भी जाना। कार्यक्रम के दौरान स्वस्थ एवं संतुलित भोजन के महत्व पर विशेष चर्चा की गई जिससे विद्यार्थियों में पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता बढ़ी। शिक्षकों ने बच्चों को जंक फूड से बचने तथा पौष्टिक एवं घरेलू भोजन को अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर अंग्रेजी प्राध्यापक रामधन, संस्कृत अध्यापक रविंद्र शास्त्री सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कैंप की गतिविधियों ने बच्चों को ज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और खान-पान की समृद्ध परंपरा से भी रूबरू कराया।

# समाधान शिविर में 12 शिकायतें प्राप्त, सीटीएम सिमरन ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**सोनीपत, 4 जून ( ब्यूरो ) :** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित समाधान शिविर में गुरुवार को सीटीएम सिमरन की अध्यक्षता में जिला वासियों की शिकायतें सुनी गईं। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीटीएम सिमरन ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उसका प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।




शिविर के दौरान नाहरा गांव में नाली को पक्का करवाने, बिजली मीटर में नाम परिवर्तन करवाने, एक ऑटोमोबाइल शोरूम द्वारा पांच माह बीत जाने के बावजूद वाहन की आरसी एवं नंबर प्लेट उपलब्ध न करवाने पर कार्रवाई करने, बीपीएल कार्ड धारक द्वारा फ्लैट आवंटन के लिए जमा करवाई गई 10 हजार रुपये की राशि वापस दिलवाने, परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में आय संबंधी त्रुटि को ठीक करवाने तथा खेतों के रास्तों के बीच स्थित बिजली पोल को स्थानांतरित करवाने सहित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं। सीटीएम ने सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए निर्धारित समयावधि में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसीपी राजपाल सिंह, डीआरओ सुशील शर्मा, डीडीपीओ मनीष मलिक, तहसीलदार कीर्ति तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलायत विधानसभा क्षेत्र की ब्लॉक समिति बैठक फिर स्थगित

**कलायत, 4 जून ( सूबे सिंह मोर ) :** नव सत्र में गांवों के विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने और सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए बुधवार को बुलाई गई ब्लॉक समिति की बैठक लगातार दूसरी बार भी नहीं हो सकी। ब्लॉक समिति कार्यालय के सभा हॉल में कोरम पूरा करने के लिए 14 जनप्रतिनिधि तो समय पर पहुंच गए, लेकिन बैठक लेने के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी समेत कोई भी संबंधित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं आया। इससे पहले बीती 26 मई को भी बैठक रखी गई थी, जो अधिकारियों की गैर-मौजूदगी के कारण रद्द करनी पड़ी थी। इस स्थिति



से नाराज ब्लॉक समिति सदस्यों ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक ताकतें अपनी ईगो अहंकार की संतुष्टि के लिए गांवों के विकास में रोड़ा अटका रही हैं, हालांकि किसी भी सदस्य ने खुलकर किसी राजनेता का नाम नहीं लिया।

**लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ : ब्लॉक समिति अध्यक्ष**

ब्लॉक समिति की अध्यक्ष ज्योति धानियां ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर कड़ा रोष जताया है। उन्होंने कहा कि बीडीपीओ कार्यालय द्वारा ही नए सत्र में विकास कार्यों की प्लानिंग के लिए सभी सदस्यों को बकायदा नोटिस भेजकर बैठक में आमंत्रित किया गया था। नियमों के अनुसार सदस्यों का कोरम भी पूरा था, लेकिन दोनों बार अधिकारियों का न आना लोकतांत्रिक व्यवस्था और पंचायती राज प्रणाली की गरिमा के बिल्कुल विपरीत है। वहीं वार्ड-19 से सदस्य जयभगवान कमालपुर ने बताया कि बैठक न होने पर सदस्यों ने बीडीपीओ से संपर्क साधने की कोशिश की, लेकिन अधिकारी ने उनका फोन तक नहीं उठाया। उन्होंने चेतावनी दी कि वे जल्द ही इस पूरे मामले को लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मिलेंगे और कलायत ब्लॉक की इस बदहाली से अवगत करवाएंगे।

**एक तरफ विकास का दावा, दूसरी तरफ अधिकारियों पर दबाव : कुशल पाल**

वार्ड-4 के प्रतिनिधि कुशल पाल बात्ता ने सरकार और प्रशासन के बीच के इस अंतर्विरोध पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार दावा करती है कि गांवों का विकास उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा जाता है, वहीं दूसरी तरफ न जाने किस राजनीतिक दबाव में आकर अधिकारी बैठक तक करने को तैयार नहीं हैं। विकास कार्यों पर चर्चा होना तो दूर की बात रही। इस पूरे मामले और बैठक में शामिल न होने के कारणों को लेकर जब खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बीडीपीओ रितु शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# लक्ष्य शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी 11वीं हरियाणा स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप के लिए चयनित

**ऐलनाबाद, 4 जून ( ब्यूरो ) :** स्थानीय लक्ष्य शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज, तुगलकाबाद, नई दिल्ली में आयोजित हुई 5वीं हरियाणा शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए आगामी 11वीं हरियाणा स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप 2026 के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। यह जानकारी देते हुए अकादमी के संचालक अमित फुटेला ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए उनकी अकादमी के जिन खिलाड़ियों का चयन हुआ है उनमें 10 मीटर पिस्टल इवेंट में वान्या अरोड़ा, अर्श अरोड़ा, तरणवीर सिंह रंधावा, मनीष सैनी, हर्ष व धैर्य शामिल हैं। वहीं 10 मीटर राइफल इवेंट में यश कुमार, मानवजीत सिंह, लविश कुमार, श्रेया, कनिष्का खोड, पायल व अमृतपाल सिंह शामिल है। अमित फुटेला ने खिलाड़ियों, अभिभावकों और कोचिंग स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी अकादमी का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को शूटिंग में उच्च स्तर तक पहुंचाना है।

उनकी अकादमी में खिलाड़ियों को सुरक्षित वातावरण, आधुनिक सुविधाएं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम लगातार देखने को मिल रहे हैं। यहां के खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन होना पूरे ऐलनाबाद क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि अन्य युवाओं को भी शूटिंग खेल से जुड़ने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। अकादमी के कोच राकेश कुमार ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है।

उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ऐलनाबाद और सिरसा जिले का नाम रोशन करेंगे। लक्ष्य शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी ने सभी चयनित खिलाड़ियों को आगामी 11वीं हरियाणा स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप 2026 के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा ने किया कैथल का दौरा

***नागरिक अस्पताल, बाल उपवन आश्रम तथा आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा***

**कैथल, 4 जून ( सुरेंद्र कुमार ) :** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा तृप्ति श्योराण ने वीरवार को नागरिक अस्पताल, बाल उपवन आश्रम तथा आंगनवाड़ी केंद्रों का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि नियमों के अंतर्गत बच्चों व महिलाओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए, इसमें कहीं पर भी कोई भी लापरवाही न बरती जाए। अध्यक्षा तृप्ति सबसे पहले नागरिक अस्पताल में पहुंची, जहां उन्होंने पीएमओ कार्यालय में डॉक्टरों से नागरिक अस्पताल में उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने नवजात शिशु देखभाल ईकाई ( निक्कु वार्ड), प्रसुति कक्ष, ओपीडी का अवलोकन किया और मौके पर मौजूद दाखिल महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं ने सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने निरीक्षण के बाद कहा कि नागरिक अस्पताल में बच्चों को अच्छे स्टेंडर्ड की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है और यह सुविधा नियमित उपलब्ध करवाई जाए। अस्पताल में स्वच्छता और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके बाद अध्यक्षा तृप्ति पुलिस लाईन स्थित सामुदायिक भवन में चल रहे क्रेच सेंटर का निरीक्षण किया। बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार, प्री-स्कूल, शिक्षा गतिविधियों तथा



अन्य सुविधाओं की समीक्षा की। जहां राशन की समय पर आपूर्ति न होने का विषय संज्ञान में आया। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने गर्मी को देखते हुए कूलर या एसी की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। अध्यक्षा ने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाएं बच्चों को ग्राउंड लेवल पर मिलनी चाहिए। बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। इसके बाद उन्होंने बाल उपवन आश्रम का निरीक्षण किया और वहां पर बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। यह आश्रम विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण के रूप में कार्यरत है। निरीक्षण के दौरान संस्थान में बच्चों की देखभाल, आवास, शिक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं संतोषजनक पाई गई।

सर्जन डॉ. रेणू चावला, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सपना, डीएसपी गुरविंद्र सिंह, सीडीपीओ शशि बाला, डीसीडब्ल्यूओ कोमल, पीएमओ डॉ. दिनेश कंसल, डॉ. अनिल अग्रवाल, सलाहकार शशिकांत, समाजसेवी रवि भूषण गर्ग के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कैथल जिले के आखिरी छोर पर बसे ऐतिहासिक गांव शिमला में देखने को मिली अतिथि सत्कार की भावना



**कलायत, 4 जून ( सूबेसिह मोर ) :** समस्त ग्रामीणों ने भीषण गर्मी से बेहाल राहगीरों को राहत देने के लिए हाइवे 152-डी ( 152ष्ठ) पर एक विशाल और भव्य मीठे पानी की छबील लगाई। राहगीरों के लिए बना अमृत हाइवे 152-डी से गुजरने वाले हर मुसाफिर, चाहे वो दोपहिया वाहन पर हो या बड़ी गाड़ियों में, ग्रामीणों ने हाथ जोड़कर उन्हें रोका और आदर-सत्कार के साथ ठंडा-मीठा जल पिलाकर उनकी रूह को तृप्त किया। अखंड सेवा भाव॰ गांव शिमला के युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने इस सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। किसी ने बर्फ की सिल्लियां तोड़ीं, तो किसी ने बाल्टियां भर-भरकर राहगीरों तक प्यार और सद्भावना का यह शर्बत पहुँचाया। संस्कृति का अनूठा उदाहरण॰ जब हाइवे पर तपती धूप में सफर कर रहे लोगों को इस मीठे पानी का सहारा मिला, तो उनके चेहरों की मुस्कान देखने लायक थी। राहगीरों ने रुककर न केवल अपनी प्यास बुझाई, बल्कि गांव शिमला के लोगों की इस दरियादिली और सेवा भावना की जमकर तारीफ की और उन्हें ढेरों दुआएं दीं। सच्चा भारत यही है : हमारे देश की यही तो असली खूबसूरती है कि यहाँ जब भी कोई परेशान या प्यासा होता है, तो पूरा का पूरा गांव बिना किसी स्वार्थ के सेवा के लिए सड़क पर उतर आता है। गांव शिमला के वासियों ने आज इस हाइवे पर सिर्फ पानी नहीं, बल्कि अपनी अटूट इंसानियत और भारतीय संस्कृति का मीठा रस घोला है। धन्य है हमारा भारत देश और धन्य है यहाँ की मिट्टी, जहाँ आज भी ऐसे परोपकारी लोग बसते हैं! गांव शिमला के सभी कर्मठ और सेवाभावी ग्रामीणों को हमारा कोटि-कोटि नमन।

# अभियान के तहत बस स्टैंड पर महिलाओं व छात्राओं को किया गया जागरूक

**यमुनानगर, 4 जून ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक यमुनानगर कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सेफ सिटी अभियान के अंतर्गत लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में कार्य करते हुए जिला की सेफ सिटी पुलिस टीम की एएसआई नीलम ने बस स्टैंड यमुनानगर पर महिलाओं व छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।

इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एएसआई नीलम ने महिलाओं व छात्राओं को 112 इमरजेंसी सेवा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मौके पर ही कई महिलाओं व छात्राओं के मोबाइल फोन में 112 एप डाउनलोड करवाया और उसके सही उपयोग की प्रक्रिया समझाई। एएसआई नीलम ने बताया कि 112 एप के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति में केवल एक बटन दबाकर तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है।

इस एप के जरिए कॉल करने पर संबंधित व्यक्ति की लोकेशन स्वत: पुलिस कंट्रोल रूम तक पहुंच जाती है, जिससे समय पर मदद मिलना संभव हो पाता है। उन्होंने महिलाओं को बताया कि यात्रा के दौरान, विशेषकर अकेले सफर करते समय, अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के बारे में भी जानकारी दी गई।

एएसआई नीलम ने बताया कि ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा के तहत महिलाएं अपने यात्रा विवरण जैसे वाहन नंबर, चालक का नाम, यात्रा का समय व गंतव्य स्थान पुलिस के साथ साझा कर सकती हैं। इससे यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस तुरंत संबंधित स्थान तक पहुंचकर सहायता प्रदान कर सकती है।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व छात्राओं को छेड़छाड़, पीछा करने, अश्लील टिप्पणियों, सोशल मीडिया पर उत्पीड़न और घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

एएसआई नीलम ने स्पष्ट किया कि ऐसे किसी भी अपराध को सहन न करें और बिना किसी झिझक के तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि महिलाओं की शिकायतों पर पुलिस द्वारा गोपनीयता बनाए रखते हुए त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जाती है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेफ सिटी टीम द्वारा चलाए जा रहे इन जागरूकता अभियानों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को आत्मनिर्भर व निडर बनाना है, ताकि वे सार्वजनिक स्थानों पर स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें।

इस दौरान महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर, आपातकालीन सेवाओं और कानूनी अधिकारों की भी जानकारी दी गई।

अंत में पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा सेफ सिटी अभियान के तहत भविष्य में भी बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, शिक्षण संस्थानों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि महिलाओं की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए जाएं सुनिश्चित : डीसी

**सोनीपत, 4 जून ( ब्यूरो ) :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने गुरूवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और वेयर हाउस से संबंधित सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा बहुत की संवेदनशील कार्य है, ऐसे में वेयर हाउस में निर्माण के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।



उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए इसको लेकर कड़े दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन व्यवस्था, कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर निर्वाचन तहसीलदार दिनेश कुमार, भाजपा से सोनिया मोर , कांग्रेस से अशोक शर्मा, आईएनएलडी से कुनाल गहलावत, सीपीआई से शरदानंद सोलंकी, बीएसपी से डीआर मलिक व अन्य मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती का मंत्र देंगे कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी

***आज नरवाना में होगी महत्वपूर्ण बैठक, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर होगा मंथन***

**नरवाना, 4 जून ( नरेन्द्र कुमार ) :** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शुक्रवार, 5 जून को नरवाना में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करेंगे। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने को लेकर व्यापक चर्चा की जाएगी। यह बैठक प्रात: 9 बजे पुराना कोर्ट रोड स्थित एस.डी. महिला कॉलेज में आयोजित होगी जिसमें पार्टी संगठन से जुड़े पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे।कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक जसवीर नैन ने बताया कि बैठक की तैयारियों को लेकर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान आयोजन की रूपरेखा और विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि मंत्री कृष्ण कुमार बेदी



कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा करेंगे।बैठक में कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन, जनसमस्याओं एवं जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर फीडबैक भी लिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त नरवाना क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी विकास परियोजनाओं एवं नई योजनाओं पर भी मंथन किया जाएगा। बैठक की तैयारियों को लेकर आयोजित विचार-विमर्श में मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रजापति, सुरेंद्र हथो, सत्यवान शर्मा, दिनेश गोयल, पार्टी महामंत्री, रणधीर प्रधान, मार्केट कमेटी चेयरमैन अमित डाकल सहित अनेक पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।भाजपा संगठन की दृष्टि से इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इसमें आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करने के साथ-साथ संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# रेलवे चेकिंग स्टाफ बोला-कम स्टाफ, ज्यादा जिम्मेदारी, मोहिंद्र सिंह ने सुनी पीड़ा



**निसिंग, 4 जून ( जोगिंद्र सिंह ) :** उत्तरीय रेलवे रेलवे चेकिंग स्टाफ के कर्मचारियों ने रेल संचालन के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं को लेकर मोहिंद्र सिंह से मुलाकात की। इस दौरान कर्मचारियों ने स्टाफ की कमी, बढ़ते कार्यभार तथा यात्रियों की जांच के दौरान आने वाली परेशानियों से अवगत कराया। मोहिंद्र सिंह ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगों और समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा तथा उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं का समय पर समाधान होना आवश्यक है ताकि यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। मोहिंद्र सिंह ने बताया कि चेकिंग स्टाफ की कमी के कारण कर्मचारियों को 20 से अधिक कोचों में ड्यूटी करनी पड़ रही है, जिससे उन पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में रेलवे प्रशासन के समक्ष मामला मजबूती से उठाया जाएगा और जल्द से जल्द उचित समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर चेकिंग स्टाफ के कई कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की। कर्मचारियों ने मोहिंद्र सिंह द्वारा दिए गए आश्वासन पर संतोष व्यक्त किया।

# सशक्त बेटियां ही सुरक्षित समाज की नींव : सतीश कुमार राणा

***अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता एवं ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी सरिता रोहिला ने सिखाए छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न गुर***



**करनाल, 4 जून ( संदीप रोहिला ) :** बेटियों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने के उद्देश्य से सेवा श्री आश्रम, सेवा भारती में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इंटरनेशनल मास्टर सतीश कुमार राणा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में बेटियों के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेना बेहद आवश्यक हो गया है। यह प्रशिक्षण न केवल उन्हें शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। इससे वे किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में बिना किसी हथियार के स्वयं की सुरक्षा करने में सक्षम बनती हैं। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता एवं ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी सरिता रोहिला ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सिखाए। उन्होंने बताया कि सड़क पर अकेले चलते समय छीनाझपटी, छेड़खानी या अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में किस प्रकार सतर्क रहकर स्वयं का बचाव किया जा सकता है। छात्राओं को विभिन्न व्यावहारिक अभ्यास भी करवाए गए। कार्यक्रम में निर्मल कुटिया स्कूल की छात्राओं सहित सिलाई केंद्र, रूप-सज्जा केंद्र एवं कंप्यूटर केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही लगभग 100 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी छात्राओं ने आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों को सीखने में विशेष रुचि दिखाई और अभ्यास कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटरनेशनल मास्टर सतीश कुमार राणा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेवा भारती के प्रांत सह-कोषाध्यक्ष एवं जिला पालक सुरेंद्र गोयल, जिला प्रमुख विनीत अरोड़ा, जिला कोषाध्यक्ष नरेश माटा, प्रीति कुकरेजा, अलका चौधरी, अनीता सिंह, शिक्षिका आशा, संचिता, पूनम, सुप्रिया सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

# त्रिवेणी घाट पर मां गंगा की दिव्य आरती में उमड़ा आस्था का सैलाब, देशभर के महापौर हुए शामिल

***परिषद अध्यक्ष एवं करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने की राष्ट्र की समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगलकामना***

**करनाल, 4 जून ( संदीप रोहिला ) :** अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं बैठक के दौरान देवभूमि ऋषिकेश स्थित त्रिवेणी घाट पर



आयोजित मां गंगा की दिव्य आरती आस्था और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम बन गई। परिषद की अध्यक्ष एवं करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता सहित देशभर से आए महापौरों एवं जनप्रतिनिधियों ने आरती में भाग लेकर राष्ट्र की प्रगति एवं जनकल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा भी उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और हजारों दीपों की अलौकिक ज्योति से पूरा घाट भक्ति भाव से सराबोर हो उठा। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि मां गंगा की आरती भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत प्रतीक है, जो सेवा व सद्भाव का संदेश देती है । सभी अतिथियों ने देवभूमि की इस पावन परंपरा को अविस्मरणीय अनुभव बताया।

# उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों-कर्मचारियों से योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम में भाग लेने का किया आह्वान

**हिसार, 4 जून ( ब्यूरो ) :** उपायुक्त महेंद्र पाल ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम में जिले के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बढ़-चढक़र भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि 07 जून 2026 को ताऊ देवी लाल टाउन पार्क में प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम आयुष विभाग हरियाणा के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों के तहत आयोजित किया जा रहा है। उपायुक्त महेंद्र पाल ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवनशैली का आधार है तथा नियमित योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि वे निर्धारित समय से पूर्व प्रात: 6 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर अपना स्थान ग्रहण करें तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दें।

# मांगें स्वीकार न कीं तो जलापूर्ति विभाग के क्लर्क कर्मचारी 12 जून को कामकाज ठप्प करेंगे

बरनाला, 4 जून (बघेल सिंह धालीवाल) जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग में लंबे समय से क्लेरिकल कर्मचारियों की मांगें लंबित पड़ी हैं। इस संबंध में कई बार मांग पत्र दिए गए तथा विभागीय प्रमुख के साथ बैठकों के माध्यम से भी मांगों को उठाया गया, लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद इनका समाधान नहीं किया गया। इससे विभाग के क्लेरिकल कर्मचारियों में भारी रोष पाया जा रहा है।इन शब्दों का प्रकटावा पीडब्ल्यूडी वाटर सप्लाई एवं सैनिटेशन मिनिस्ट्रियल सर्विसेज पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष जगसीर सिंह जग्गा और प्रदेश महासचिव तरसेम भट्ठल ने प्रेस को जानकारी देते हुए किया।उन्होंने कहा कि लंबे समय से सुपरिटेंडेंट ग्रेड-1 की पदोन्नतियां लंबित हैं। सुपरिटेंडेंट ग्रेड-2 के पद खाली होने के बावजूद अब तक पदोन्नति नहीं की गई है और न ही वरिष्ठ सहायक (सीनियर असिस्टेंट) के पदों पर पदोन्नति हुई है। यहां तक कि सरकार द्वारा 50-50 आधार पर प्लेसमेंट संबंधी जारी पत्र भी वापस ले लिया गया है।उन्होंने कहा कि सरकार की अधिसूचना के अनुसार 1 जनवरी 2004 से पहले जिन कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया के लिए पत्राचार शुरू हो चुका था, उन्हें पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाना था। संगठन मांग करता है कि उपरोक्त सभी मांगों का जल्द निपटारा किया जाए।उन्होंने बताया कि संगठन पहले ही विभाग को अल्टीमेटम दे चुका है। यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो 12 जून को पंजाब भर में कामकाज बंद किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।इस अवसर पर संगठन के चेयरमैन हरभजन सिंह खुंगर, प्रदेश वित्त सचिव सतिंदरपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजवीर बडरूखां, प्रेस सचिव कमलवीर सिंह संधू, संदीप जोशी, अतिरिक्त महासचिव गुरदर्शन सिंह जस्सल, संगठन सचिव परविंदर सिंह गिल तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरभजन सिंह अटवाल ने संयुक्त रूप से विभाग के क्लेरिकल कर्मचारियों से अपील की कि वे 12 जून को सामूहिक अवकाश लेकर संगठन के संघर्ष में शामिल हों।संगठन के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आने वाले समय में और भी तीव्र संघर्ष का ऐलान किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

## प्रख्यात स्तंभकार एवं शिक्षाविद् स्वर्ण भंगू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त



बरनाला, 4 जून (बघेल सिंह धालीवाल) असीम प्रेम, सादगी और जनसरोकारों के प्रतीक साथी स्वर्ण भंगू का दर्दनाक निधन असहनीय और अवर्णनीय है। इन विचारों का प्रकटावा इंकलाबी केंद्र पंजाब के अध्यक्ष नारायण दत्त और महासचिव कंवलजीत खन्ना, लाल परचम के संपादक मुख्तियार पूहला, भारतीय किसान यूनियन एकता डकौंदा के प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह धनेर, महासचिव हरनेक सिंह महिमा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह रामपुरा, डेमोक्रेटिक मुलाजिम फेडरेशन के पूर्व प्रदेश नेता गुरमीत सिंह सुखपुरा, जमहूरी अधिकार सभा पंजाब के नेता हरचरण सिंह चहल, बिक्कर सिंह औलख, परमजीत कौर जोधपुर, गुरमेल सिंह ठुल्लीवाल, टेक्निकल सर्विसेज यूनियन (रजि.) के प्रदेश नेता सतिंदरपाल सिंह जस्सड़, कुलवीर सिंह औलख, पावरकॉम पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश नेता सिंदर धौला, दर्शन सिंह दसौंदा सिंह वाला, बलवंत सिंह बरनाला, कहानीकार पवन परिंदा, डीटीएफ के नेताओं राजीव कुमार और निर्मल सिंह चुहाणके तथा पत्रकार परशोत्तम बल्ली, हरिंदर बल्ली,लखवीर सिंह चीमा, गुरप्रीत लाडी और बघेल सिंह धालीवाल सहित अन्य नेताओं ने किया।उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच और सामाजिक सरोकारों को समर्पित अत्यंत बुद्धिमान व्यक्ति स्वर्ण भंगू का इस तरह अचानक दुनिया से चले जाना किसी वज्रपात से कम नहीं है।

## योग करने से शरीर में बीमारियों कम होने की संभावना ह व शरीर भी स्वस्थ रहता है



**मूनक, 4 जून (जयभगवान) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार के योग विभाग के निर्देशानुसार राजकीय कन्या महाविद्यालय, पाढ़ा में एक विशिष्ट व्याख्यान एवं योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विपिन कुमारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. दिनेश, राजकीय महाविद्यालय, तरावड़ी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए योग के महत्व, उसके वैज्ञानिक आधार तथा दैनिक जीवन में उसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन तथा आत्मिक विकास प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों की जानकारी दी गई तथा योग के व्यावहारिक पक्ष से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुमन रानी, प्रियंका रानी, मोहित, परमिल एवं जोनी शामली उपस्थित रहे तथा उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।

# ढाबा सचांलक से रंगदारी मांगने के मामले में मुठभेड के बाद 2 आरोपी काबू



**सफीदों, 4 जून (एस.के.मित्तल) :** सफीदों क्षेत्र में रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एवीटी स्टाफ ने दो आरोपियों को काबू किया है। यह कार्रवाई उस समय हुई जब पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ढाबा संचालक से हफ्ता मांगने और तोड़फोड़ की घटना में शामिल आरोपी हथियारों के साथ इलाके में आने वाले हैं। उप पुलिस अधीक्षक जींद ऋषभ सौढी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि एवीटी स्टाफ के इंचार्ज यशवीर सिंह अपनी टीम के साथ नाकाबंदी पर तैनात थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि तपन निवासी कुरड (हाल निवासी नई अनाज मंडी, सफीदों) और गोवर्धन उर्फ बंटी निवासी ऐंचरा खुर्द, जो पहले रंगदारी और तोड़फोड़ के मामले में वांछित हैं, अपनी गाड़ी में सवार होकर बरवाला की ओर से ईक्कस बाईपास होते हुए सफीदों की तरफ आ रहे हैं। सूचना के अनुसार दोनों आरोपियों के पास हथियार भी मौजूद थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत रणनीति बनाकर ईक्कस बाईपास के पास रजबाहा क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी। कुछ ही देर बाद संदिग्ध गाड़ी मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर चालक ने गाड़ी मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी रजबाहा किनारे लगे सीमेंट के साइन बोर्ड से टकराकर रुक गई। गाड़ी रुकते ही दोनों आरोपी बाहर निकलकर भागने लगे। इसी दौरान एक आरोपी ने दूसरे को आवाज लगाते हुए कहा, तपन, सामने पुलिस है, गोली चला।

इसके बाद तपन ने अपने पास मौजूद पिस्तौल से सीधे एवीटी इंचार्ज यशवीर सिंह पर फायर कर दिया। गोली यशवीर सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। पुलिस ने आरोपियों को आत्मसमर्पण करने का मौका दिया, लेकिन उन्होंने दोबारा हथियार लोड करने की कोशिश की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एवीटी इंचार्ज यशवीर सिंह ने आत्मरक्षा में आरोपी के पैर की ओर फायर किया, जबकि उप निरीक्षक मनोज ने हवाई फायर किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तपन के पैर में गोली लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर गया और पुलिस ने उसे काबू कर लिया। घायल आरोपी के पास से .315 बोर की पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। वहीं दूसरा आरोपी गोवर्धन उर्फ बंटी भागने की कोशिश में था, जिसे पुलिस टीम ने पीछा कर पकड़ लिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना सदर जींद में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। घायल आरोपी तपन को इलाज के लिए नागरिक अस्पताल जींद में भर्ती करवाया गया है, जबकि गोवर्धन से पूछताछ जारी है। गौरतलब है कि दोनों आरोपी 25 मई को अपने 6-7 अन्य साथियों के साथ मिलकर पानीपत-सफीदों रोड स्थित बादल सैनी ढाबा पर पहुंचे थे। वहां उन्होंने ढाबा संचालक से 10,000 प्रति माह रंगदारी की मांग की थी। जब ढाबा मालिक ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो आरोपियों ने ढाबे में जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान उन्होंने फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरे, फ्रिज और एलईडी टीवी को नुकसान पहुंचाया था। इस घटना के बाद ढाबा मालिक शुभम सैनी निवासी वार्ड नंबर 8, सफीदों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था और तभी से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।

## अपनी मांगों के लिए 15 जून को उपयुक्त को देंगे ज्ञापन




**मूनक, 4 जून (जयभगवान) :** खंड मूनक में ग्रामीण चौकीदारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामफल प्रधान ने की। बैठक का संचालन जगदीश सचिव ने किया। बैठक में शामिल सभा के महासचिव एवं जिला कोषाध्यक्ष ने कहा कि चौकीदार की गांव में 24 घंटे की कार्य सेवा है। सरकार के सभी विभागों की सुचनाओं को गांव में जन जन तक पहुंचाने का काम करता है। इस मंहगाई में 11000 हजार रुपए में परिवार का गुजारा करना अति मुश्किल है। राज्य कमेटी में लिए गए निर्णय अनुसार अपनी मांगों को लेकर 15 जून को फुव्वारा पार्क करनाल में एकत्रित हो कर उपायुक्त की मार्फत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। चौकीदारों को पक्का करो तब तक 30000 हजार रुपए न्यूनतम वेतन लागू करो

हर महीने 7 तारीख तक मानदेय भुगतान किया जाए। 4 लेबर कोड रद किए जाएं। सेवानिवृत्ति राशि 5 लाख रुपए की जाए।

चौकीदार की अचानक मृत्यु पर परिवार को 10 लाख रुपए दिए जाए। खाली पदों को भरा जाए। आदि मांगें शामिल है। बैठक में राजबीर, महावीर, नफे सिंह, हरजीत सिंह, शकुन्तला, विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# समाधान शिविर में एडीसी ने सुनी जन शिकायतें, अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश



**कैथल, 4 जून (सुरेंद्र कुमार) :** डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी सुशील कुमार ने आमजन की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में भूमि एवं इंतकाल संबंधी समस्या, पंचायत भूमि पर अतिक्रमण, जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार तथा पेंशन से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर संबंधित विभागों को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का एक ही स्थान पर सुनवाई कर उनका शीघ्र निपटारा करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयावधि में उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिविर में भगत सिंह कालोनी निवासी शिव कुमार ने पट्टी गाड़ड़ में वर्ष 2020 में खरीदी गई भूमि के इंतकाल में त्रुटि होने की शिकायत प्रस्तुत की। शिकायतकर्ता ने बताया कि रजिस्ट्री के अनुसार पूरी भूमि दर्ज नहीं हुई, जिसके कारण उसे भूमि के उपयोग में कठिनाई आ रही है। एडीसी ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक अन्य शिकायत गांव चंदाना से प्राप्त हुई, जिसमें तालाब की भूमि पर कथित रूप से अवैध निर्माण किए जाने का आरोप लगाया गया। एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में जनकपुरी कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने अपने बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में उसकी मां नाम की त्रुटि सुधार से संबंधित शिकायत भी आई। शिकायतकर्ता ने जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम को सही करवाने का अनुरोध किया। इसी प्रकार गांव मुंदड़ी निवासी शकुंतला देवी ने लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ मिलने के कारण उसकी विधवा पेंशन बंद होने संबंधित शिकायत दर्ज करवाई। प्रार्थिया ने मांग की है कि उसकी लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ बंद करके उसकी विधवा पेंशन को दोबारा सुचारू रूप से चालू किया जाए। एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से समाधान शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता बनाए रखें तथा जिन मामलों का समाधान मौके पर किया जा सकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। इस अवसर पर सहायक आयुक्त (अंडर ट्रेनी) शिवानी पांचाल, सीटीएम कैप्टन प्रमेश कुमार, डीएसपी रमेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गर्ग फाइन फूड्स तरावड़ी की ओर से 9 से 15 जून तक गूंजेगी श्रीमद्भागवत कथा की अमृतधारा

### *विशाल कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ, आचार्य श्री शिव प्रसाद ढकाल जी होंगे कथाव्यास*



**तरावड़ी, 4 जून (छाया शर्मा) :** गर्ग राइस मिल्स और गर्ग फाइन फूड्स तरावड़ी की ओर से उत्तराखंड स्थित पावन तीर्थ श्री बद्रीनाथ धाम में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह सात दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव 9 जून से 15 जून तक आयोजित होगा, जिसमें श्रद्धालु भाग लेकर धर्म, भक्ति और ज्ञान की अमृतवर्षा का लाभ प्राप्त करेंगे। आयोजन का शुभारंभ 9 जून को विशाल कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। धार्मिक आस्था और भक्ति से ओतप्रोत इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। कथा का आयोजन पंजाब एवं सिंध धर्मशाला, बद्रीनाथ धाम में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। गर्ग फाइन फूड्स के सीएमडी रमेश गर्ग, निलेश गर्ग, राहुल गर्ग एवं रजत गर्ग ने बताया कि यह आयोजन ब्रह्मलीन बाबा बंसी वाले जी महाराज की पावन प्रेरणा एवं सानिध्य में तथा श्री गीता संस्कृत महाविद्यालय, हरिद्वार के साहित्याचार्य आचार्य श्री शिव प्रसाद ढकाल जी के आशीर्वाद से संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि कथा का रसपान कराने के लिए श्री ब्रज सेवा संस्थान, वृंदावन के संस्थापक अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध कथाव्यास आचार्य श्री रविन्द्र कृष्ण जी महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की दिव्य कथाओं का श्रवण कराएंगे। कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, धर्म और मानव जीवन के आदर्श मूल्यों का संदेश दिया जाएगा। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए निरंतर भंडारे की व्यवस्था भी रहेगी। कथा स्थल पर आने वाले सभी भक्तों के लिए प्रसाद एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालु आध्यात्मिक वातावरण में भक्ति का आनंद उठा सकें। गर्ग फाइन फूड्स के सीएमडी रमेश गर्ग, निलेश गर्ग, राहुल गर्ग एवं रजत गर्ग ने क्षेत्रवासियों एवं समस्त श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने परिवार सहित इस दिव्य एवं पुण्यमयी आयोजन में पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का अमृतमय लाभ प्राप्त करें तथा अपने जीवन को धर्म, भक्ति और संस्कारों से आलोकित करें।

**उत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-03/2026-27 दिनांक 02.06.2026**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| |
|---|
| **क्र सं.: 1 निविदा संख्या :** 30विद्युत-03/2026-27 (ओपन टेंडर) |
| **कार्य का नाम :** अहमदगढ़, धुरी, किला रायपुर, संगरूर, लहरगागा, जमालपुर शेखान, धबलान, दाउन कलां, छिन्तन वाला रेलवे कॉलोनियों में स्टाफ क्वार्टरों में जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार और सहारनपुर-अंबाला-चंडीगढ़-मोरिंडा खंड की रेलवे कॉलोनियों में 9 ट्यूबवेल, 3 भूमिगत टैंक (225 किलोलीटर), 1 खुला टैंक (125 किलोलीटर) और 2 आरसीसी स्टेजिंग प्रदान करके जल आपूर्ति में सुधार और क्षतिग्रस्त जल पाइपलाइन में सुधार। |
| **लगभग लागत (रु.) :** रु. 1,43,80,508.61 |
| **बोली प्रतिभूति (रु.) :** रु. 2,87,600/- |
| **पूर्ण होने की अवधि :** 06 महीने |
| **बंद करने और खोलने की तिथि :** 29.06.2026 |

**6)** निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। **7)** आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। **8)** कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। **9)** विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। **10)** जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **1910/26**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# समाधान शिविर नरवाना की शिकायतों को हल्के में लेने वाले अधिकारी होंगे जवाबदेह : एसडीएम जगदीश चंद्र

### *मुख्यमंत्री स्वयं कर रहे निगरानी, हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी*



**नरवाना, 4 जून (नरेन्द्र कुमार) :** समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को अधिकारी किसी भी स्थिति में हल्के में न लें बल्कि जमीनी स्तर तक पहुंचकर हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह निर्देश एसडीएम जगदीश चंद्र ने वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर डीएसपी कमलदीप राणा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। एसडीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के प्रति उदासीनता बरतने वाले अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा समाधान शिविर प्रकोष्ठ की नियमित निगरानी की जा रही है तथा जनता के प्रति अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही के लिए संबंधित अधिकारी उत्तरदायी होगा। उन्होंने कहा कि आमजन बड़ी उम्मीद और विश्वास के साथ समाधान शिविर में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। ऐसे में अधिकारियों का दायित्व है कि वे संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ शिकायतों का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि कुछ अधिकारी बिना ठोस कारण बताए मामलों को लंबित रखते हैं जो न्यायसंगत नहीं है और इससे उनकी कार्यशैली में उदासीनता झलकती है। एसडीएम जगदीश चंद्र ने अधिकारियों को जनसेवा की भावना से कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता को संतोषजनक समाधान मिलना चाहिए, तभी समाधान शिविर के उद्देश्य की सार्थकता बनी रहेगी। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि कोई अधिकारी जानबूझकर शिकायत की अनदेखी करता है अथवा संतोषजनक जवाब नहीं देता, तो इसकी सूचना सीधे उन्हें दें।उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान कर उन्हें सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिलाना है।

वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुईं जिनका संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान कर दिया गया।इस दौरान तहसीलदार विजय कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा, बीडीपीओ तरुण सुथार, जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ नवीन मुंडे, सिंचाई विभाग के जेई विक्रम सिंह, नगर परिषद के जेई विक्रम, मार्केट कमेटी के सहायक रोशनलाल, खाद्य आपूर्ति विभाग की निरीक्षक रीटा रानी, वन विभाग से संदीप, महिला एवं बाल विकास विभाग से शांति एवं जयकौर, लोक निर्माण विभाग के जेई प्रदीप शर्मा, क्रिड से नितिन, बिजली विभाग के जेई शमशेर सिंह, तहसील कल्याण अधिकारी संतरो देवी, समाज कल्याण विभाग से सोनिया, कृषि विभाग के डॉ. वीरेंद्र बूरा, पशुपालन विभाग से मनीष कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या ETrU-T-06-2026-27**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को **15:00 बजे** तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता। इनको **15:00 बजे** के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

| |
|---|
| **क्र. सं. 1. : निविदा संख्या : ETrU-T-06-2026-27** |
| **कार्य का विवरण :** अंबाला मंडल के अंतर्गत SRE-UMB-DHPR, UMB-LDH एवं JHL-HSR-LDH खंडों पर उच्च एमएमडी (MMD) परिवहन उत्पादों तथा डबल स्टैक ड्वार्फ कंटेनरों (DSDC) के सुरक्षित आवागमन हेतु अवरोधों को हटाने के संबंध में ओवरहेड लाइन (OHE) संरचनाओं पर उच्च वोल्टेज संयुक्त इन्सुलेटेड कोटिंग (Composite High Voltage Insulated Coating) की आपूर्ति एवं अनुप्रयोग हेतु कार्य। |
| **निविदा बंद/खुलने की तिथि :** 25.06.2026 |
| **लगभग लागत :** रु. 88,89,188.55/- |
| **धरोहर राशि :** रु. 1,77,800/- |
| **कार्य पूरा करने की अवधि :** 07 महीने |
| **वैधता अवधि :** 60 दिन |
| **टेण्डर फॉर्म की कीमत :** Downloading through IREPS portal -NIL, (Rs. 5,000/- Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

**1.** निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। **2.** निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। **3.** कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। **4.** कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू हैं एवं इस प्रकार है: "Execution of application of high voltage insulating paint coating on installations of 25 KV and above including 2x25 KV system". **5.** टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये।

**सं.: ETrU-T-06-2026-27 दिनांक: 03.06.2026** **1890/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## लुधियाना में गैस सिलैंडर फटने से धमाका! अफरा तफरी का माहौल, तीन को बचाया

लुधियाना 4 जून (निस) शहर के जमालपुर इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गैस लीक होने के कारण एक घर में रखा सिलेंडर अचानक फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि मकान की दीवार ढह गई और घर का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिलेंडर फटने के बाद घर में भीषण आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। धमाके के समय घर के अंदर मौजूद माता-पिता और उनका बच्चा मलबे के नीचे दब गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने मलबे में दबे तीनों लोगों को बाहर निकालकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हादसे में तीनों घायल बताए जा रहे हैं, जिनका इलाज जारी है। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। आग लगने के कारण घर का फर्नीचर, घरेलू सामान और अन्य कीमती वस्तुएं जलकर राख हो गईं। घटना के बाद इलाके में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। प्रारंभिक जांच में गैस रिसाव के कारण सिलेंडर फटने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं। हादसे के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने लोगों से गैस सिलेंडरों और घरेलू गैस उपकरणों के उपयोग के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है।

## अमृतसर में अलर्ट, सुरक्षा एजेंसियों ने संभाला मोर्चा, एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट होंगे सील!

अमृतसर 4 जून (निस) घल्लूघारा दिवस को लेकर जहां गर्म ख्याली सिख संगठन अपनी तैयारियां पूरी कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर सुरक्षा प्रबंधों को लेकर अमृतसर में अलर्ट जारी किया गया है। एक तरफ देश की सुरक्षा एजैंसियां अपनी कमान संभाले हुए हैं वहीं दूसरी ओर पुलिस कमिश्नर द्वारा अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर सुरक्षा की रणनीति बनाई गई है। भंडारी पुल से लेकर गलियारा क्षेत्र तक पुलिस बल के साथ ब्लैक कैट कमांडो की टुकड़ियों को तैनात किया गया है। राऊंड द क्लॉक शहर के चप्पे-चप्पे पर नाके लगाए जा रहे हैं। नाका पार्टियों को बिना चैकिंग के किसी भी गाड़ी को न छोड़ने की हिदायत दी गई है। 6 जून को होने वाले घल्लूघारा दिवस से पहले पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने जिले के सभी उच्चाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ सुरक्षा को लेकर ब्रीफिंग की और किसी भी अप्रिय घटना के अंदेशे पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।घल्लूघारा दिवस से पहले अमृतसर के एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंटों को पूरी तरह से सील किया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

### हौजरी मार्केट में चोरों के हौसले बुलंद, 6 दिनों में दूसरी वारदात से कारोबारियों में रोष

लुधियाना 4 जून (निस) शहर के तिलक नगर स्थित हौजरी मार्केट में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। महज 6 दिनों के भीतर दूसरी बार चोरों ने दुकानों को निशाना बनाकर व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। ताजा मामले में अज्ञात चोरों ने 3 दुकानों के बाहर लगे एयर कंडीशनर (ष्ट) और बिजली मीटरों से कॉपर वायर काटकर चोरी कर ली। घटना के बाद इलाके के कारोबारियों में नाराजगी देखने को मिल रही है।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5ञ्40 बजे अंजाम दी गई इस वारदात में चोर ने बड़ी सफाई से दुकानों के बाहर लगे,ष्ट यूनिट और बिजली मीटरों को निशाना बनाया। सुबह दुकानें खुलने पर हरी ओम निटवेयर हौजरी के संचालक सौरव सरीन को बिजली सप्लाई बाधित मिली। जांच के दौरान पता चला कि,ष्ट और बिजली मीटर से जुड़ी कॉपर वायर चोरी हो चुकी है।इसके बाद आसपास के दुकानदारों को सूचना दी गई तो सामने आया कि बाजार की 2 अन्य दुकानों में भी इसी प्रकार चोरी की घटना हुई है। चोर 3 दुकानों से कॉपर वायर काटकर अपने साथ ले गया, जिससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया है। फुटेज पुलिस को उपलब्ध करा दी गई है और आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के कारण असुरक्षा का माहौल बन गया है।

### जिला जालंधर के सरकारी स्कूल से मिला एक संदिग्ध ड्रोन, दहशत का माहौल

जालंधर 4 जून (निस) जिला जालंधर के आदमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव हरिपुर के सरकारी स्कूल के खेल मैदान में एक संदिग्ध ड्रोन मिलने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया।इस संबंध में जानकारी देते हुए गांव के सरपंच निर्मल राम ने बताया कि बच्चे स्कूल के मैदान में खेल रहे थे, तभी यह ड्रोन बच्चों के ऊपर आकर गिर गया। इसके बाद बच्चों ने ड्रोन को उठाकर हमारे पास लाए, जिसके बाद हमने तुरंत थाना आदमपुर पुलिस को सूचना दे दी। ड्रोन मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। इसके बाद मौके पर डी.एस.पी. राजीव कुमार अपनी टीम सहित पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने ड्रोन को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा एजैंसियों द्वारा भी ड्रोन की तकनीकी जांच की जा रही है, ताकि इसके स्रोत और उद्देश्य के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके। डी.एस.पी. राजीव कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। इस घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।

### कैंट में निवेदीयम स्वीट्स एंड बेकर्स में भीषण आग, लाखों का नुकसान

फिरोजपुर 4 जून (निस) फिरोजपुर कैंट के जीटी रोड स्थित प्रसिद्ध निवेदीयम स्वीट्स एंड बेकर्स में मंगलवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग की ऊंची लपटों और घने धुएं ने कुछ ही देर में पूरे प्रतिष्ठान को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग की इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया है। बताया जा रहा है कि प्रतिष्ठान में गैस सिलेंडर भी मौजूद थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए राहत एवं बचाव दल द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। फायर ब्रिगेड की टीमें लगातार आग बुझाने में जुटी हुई हैं। घटना के बाद इलाके में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

इन्द्रप्रीत कौर दर्दी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक भारत देश हमारा ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्रा. लिमि. पटियाला के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब, सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह से छपवाकर कार्यालय भारत देश हमारा गुरू हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल बिल्डिंग, पुरानी प्रेस रोड, पटियाला से प्रकाशित किया।
PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985

# महिला पत्रकारों को हर चुनौती का सामना डटकर करना चाहिए-डा. गुरप्रीत कौर मान

## हरदीप कौर के नेतृत्व में वूमेन जर्नलिस्ट कॉन्क्लेव 2026 एवं मीडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड्स का भव्य आयोजन: पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ से लगभग 150 महिला पत्रकारों ने भाग लिया





चंडीगढ़, 4 जून (निस) दिशा वूमन वेलफेयर ट्रस्ट और इंडियन वूमन जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा अध्यक्ष हरदीप कौर के नेतृत्व में होटल हयात सेंट्रिक, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में वूमन जर्नलिस्ट कॉन्क्लेव 2026 एवं मीडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड्स का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ से महिला पत्रकारों ने भाग लिया, जबकि लुधियाना, जालंधर और बठिंडा सहित विभिन्न शहरों से भी बड़ी संख्या में महिला पत्रकार उपस्थित रहीं।इस वर्ष के कॉन्क्लेव की केंद्रीय थीम शिक्षा, समाज और महिला सशक्तिकरण रही। कार्यक्रम के दौरान इस बात पर विशेष चर्चा की गई कि शैक्षणिक संस्थान, मीडिया और समाज मिलकर महिलाओं के लिए बेहतर अवसर कैसे सृजित कर सकते हैं तथा उन्हें नेतृत्व, रोजगार और सामाजिक भागीदारी के क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए किस प्रकार कार्य किया जा सकता है।इस अवसर पर रोज़ाना स्पोक्समैन की प्रबंध निदेशक श्रीमती जगजीत कौर को पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, दूरदर्शी नेतृत्व और लंबे समय से दी जा रही विशिष्ट सेवाओं के लिए ट्रस्ट द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान की धर्मपत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर मान थीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि महिला पत्रकारों का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण है। दुर्घटनाओं, धरनों, प्रदर्शनों तथा अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं की कवरेज के दौरान उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद वे पूरी निडरता और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं।डॉ. मान ने कहा कि आज की युवा लड़कियों में आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की सोच पहले की अपेक्षा कहीं अधिक मजबूत हुई है। अनेक युवतियां अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म, चैनल और व्यवसाय स्थापित कर नई मिसालें कायम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया सहित प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है।उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज़ होते हैं और महिला पत्रकार लोकतंत्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिला पत्रकारों को निडर और बेखौफ होकर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए आश्वासन दिया कि जहां भी उन्हें सरकार अथवा व्यक्तिगत स्तर पर सहायता की आवश्यकता होगी, वे सदैव उनके साथ खड़ी रहेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि फील्ड में कार्यरत महिला पत्रकारों को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, विशेषकर मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।इस अवसर पर दिशा वूमन वेलफेयर ट्रस्ट एवं इंडियन वूमन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की अध्यक्ष हरदीप कौर ने महिला पत्रकारों के सम्मान हेतु फोर्थ पिलर ऑफ डेमोक्रेसी अवॉर्ड शुरू किए जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि मीडिया क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली महिला पत्रकारों को सरकारी स्तर पर सम्मानित किया जाना चाहिए। इस पर डॉ. गुरप्रीत कौर मान ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह एक सराहनीय एवं अनूठा सुझाव है और वह इस संबंध में मुख्यमंत्री एवं सरकार से अवश्य चर्चा करेंगी।कार्यक्रम में अतिथि-विशेष के रूप में सरदार मनजीत सिंह (चेयरमैन, दोआबा ग्रुप ऑफ कॉलेजेज), डॉ. अंशु कटारिया (चेयरमैन, आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेज), आकाश गोयल (मैनेजिंग डायरेक्टर, आईएएस चाणक्य इंस्टीट्यूट), मनदीप कौर टांगरा (मोटिवेशनल स्पीकर), कपिल शर्मा (वाईबीटीसी), जे.पी. सिंह (चेयरमैन, राम टैक्स), अंगद सचदेवा (डायरेक्टर, साज़ सिने प्रोडक्शन) तथा सुभाष गोयल (डायरेक्टर, सुभाष गोयल फाउंडेशन) विशेष रूप से उपस्थित रहे।सुभाष गोयल द्वारा पहले से ही पत्रकारिता के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छुक 20 लड़कियों की शिक्षा का खर्च वहन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उनके इस सामाजिक प्रयास की विशेष रूप से सराहना की गई और इसे महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक योगदान बताया गया।

कॉन्क्लेव के दौरान आयोजित पैनल चर्चाओं में इंद्रप्रीत कौर दर्दी (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, चढ़दीकला टाइस टीवी), नीतिका माहेश्वरी (मैनेजिंग एडिटर, डेली पोस्ट टीवी), हरसिमरत पॉल (सीनियर पत्रकार, न्यूज-18), चंचल सचदेवा सूरी, प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मीडिया स्टडीज, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, प्रो. (डॉ.) ज्योत्सना ठाकुर हेड ऑफ डिपार्टमेंट, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मीडिया स्टडीज, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी नवजोत कौर (मीडिया प्रमुख, गुरु नानक देव ग्लोबल फाउंडेशन), आकांक्षा सक्सेना, तनवीर धालीवाल तथा ने भाग लिया। चर्चाओं में शिक्षा, समाज और महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ डिजिटल मीडिया, पत्रकारिता की चुनौतियों, महिलाओं की सुरक्षा तथा मीडिया में नेतृत्व की भूमिका पर विस्तार से विचार साझा किए गए।कार्यक्रम के दौरान मीडिया, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभिन्न हस्तियों और संस्थाओं को मीडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार सिमरनजोत मक्कड़ की धर्मपत्नी एवं एसएम टीवी की मैनेजिंग डायरेक्टर जसलीन कौर, पत्रकार कामयानी, एंकर हरलीन, पत्रकार खुशबू, पत्रकार जसप्रीत कौर (सिटी होम न्यूज, लुधियाना), पत्रकार आंचल जग्गी, गुरदीप कौर (डेली पोस्ट) तथा चंडीगढ़ से पत्रकार शालू मीरोक और जसनूर धवन सहित 150 महिला पत्रकारों को सम्मानित किया गया।विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ से पहुंची सभी महिला पत्रकारों को मुख्य अतिथि डॉ. गुरप्रीत कौर मान द्वारा पंजाब की सांस्कृतिक पहचान फुलकारी भेंट कर सम्मानित किया गया। महिला पत्रकारों ने इस विशेष सम्मान के लिए आयोजक संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। फुलकारी सम्मान समारोह का प्रमुख आकर्षण रहा और इसने कार्यक्रम को और अधिक यादगार बना दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डेली पोस्ट की न्यूज एंकर प्रियंका मिलू द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं पेशेवर ढंग से किया गया।अंत में हरदीप कौर ने मुख्य अतिथि, अतिथि-विशेष, पैनलिस्टों, सहयोगी संस्थाओं तथा पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ से पहुंची महिला पत्रकारों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह कॉन्क्लेव महिला पत्रकारों की आवाज़ को और अधिक सशक्त बनाने, उन्हें एक साझा मंच प्रदान करने तथा शिक्षा, समाज और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नए विचारों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

## टीआई साइकिल फैक्ट्री संधारसी ने विश्व साइकिल दिवस पर रैली आयोजित की



घनौर, 4 जून (राजिंदर सिंह कंबोज) वर्ल्ड साइकिल डे के मौके पर, TI साइकिल्स ऑफ इंडिया, संधारसी ने हेल्दी लाइफस्टाइल और पर्यावरण बचाने का मैसेज फैलाने के लिए एक खास साइकिल रैली निकाली। इस रैली में फैक्ट्री के अधिकारियों, कर्मचारियों और साइकिल के शौकीनों ने जोश के साथ हिस्सा लिया। यह रैली सुबह 8 बजे TI साइकिल फैक्ट्री से शुरू हुई, जो संधारसी, कबूलपुर और पीपल मंघोली गांवों से होते हुए फैक्ट्री में खत्म हुई। रैली के दौरान, हिस्सा लेने वालों ने लोगों को साइकिल चलाने के फायदों के बारे में जागरूक किया और रोज़मर्रा की ज़िंदगी में साइकिल का इस्तेमाल बढ़ाने का मैसेज दिया।

इस मौके पर फैक्ट्री मैनेजरों ने कहा कि साइकिल चलाना न सिर्फ सेहत के लिए फायदेमंद है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण कम करने और फ्यूल बचाने में भी अहम योगदान देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रोग्राम न सिर्फ लोगों में सेहत के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं, बल्कि सामाजिक मेलजोल को भी मजबूत करते हैं।उन्होंने इलाके के सभी लोगों से अपील की कि वे छोटी यात्राओं के लिए जितना हो सके साइकिल का इस्तेमाल करें ताकि एक हेल्दी और साफ माहौल बन सके।

## अमरेन्द्र सिंह की वापसी को लेकर अटकलें हुड्डा ने खारिज कीं

पृष्ठ तीन का शेष ... अध्यक्ष रहे और हमेशा उनसे सलाह ली जाती थी, लेकिन भाजपा में यह संस्कृति पूरी तरह अलग है। हाल ही में पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ की नियुक्ति या बठिंडा से ढिल्लों को नया प्रधान बनाने जैसे मामलों पर उनसे कोई राय न लेना इसी असंतोष का एक उदाहरण है। कैप्टन ने कुछ समय पहले खुले तौर पर कहा था कि वे कांग्रेस को मिस करते हैं और कांग्रेस को एक परिवार की तरह मानते हैं। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा उनके जन्मदिन और भाई के निधन पर भेजे गए संदेशों का जिक्र कर भाजपा नेतृत्व से इसतहर के किसी भावनात्मक जुड़ाव की कमी पर निराशा व्यक्त की थी।

इसके अलावा, कैप्टन अकाली दल के साथ गठबंधन के पक्ष में हैं, जबकि भाजपा ने पंजाब की सभी 117 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर रखी है, जो उनके विचारों में एक और बड़ा अंतर दिखाता है।

यह घटनाक्रम तब हुआ है, जब तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई के भी पार्टी से इस्तीफा देने और नया दल बनाने की अटकलें तेज हैं। भले ही उनका इस्तीफा अभी तक स्वीकार नहीं हुआ है, लेकिन दोनों घटनाएँ भाजपा के भीतर बड़े चेहरों की संभावित नाराजगी और उनके बाहर निकलने की ओर इशारा करती हैं, जो पार्टी के लिए एक चुनौती बन सकती है।

## होटल अग्निकांड....

पृष्ठ तीन का शेष ..

लवकेश बजाज को गिरफ्तार कर लिया और गैर इरादतन हत्या समेत कई आरोपों के तहत उस पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 326(जी) (आग लगाकर नुकसान पहुंचाना), 324(5) (संपत्ति को नुकसान पहुंचाना), 125(ए) (मानव जीवन और सुरक्षा को खतरे में डालने वाले लापरवाही से किए गए कृत्य के लिए दंड), 125(बी) (लापरवाही से गंभीर चोट पहुंचाना) और 287 (आग के संबंध में लापरवाही भरा आचरण) के तहत मामला दर्ज किया है। जांचकर्ताओं के अनुसार होटल को केवल छह कमरों के लिए अनुमति प्राप्त थी लेकिन आरोप है कि इसमें लगभग 25 कमरे थे।

## रेलवे स्टेशन पर लोगों ने रंगे हाथों दबोचा जेबकतरा, चोरी का सामान बरामद

लुधियाना 4 जून (निस) लुधियाना रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के पास एक जेबकतरा उस समय लोगों के हत्थे चढ़ गया, जब वह भीड़ का फायदा उठाकर यात्रियों का सामान चोरी करने की कोशिश कर रहा था। आरोपी को मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़ लिया और उसके कब्जे से मिले मोबाइल फोन तथा वॉलेट उनके असली मालिकों को वापस दिलवाए। इसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी काफी देर से टिकट काउंटर के आसपास घूम रहा था और यात्रियों की गतिविधियों पर नजर रख रहा था। इसी दौरान वह एक व्यक्ति की जेब से मोबाइल फोन निकालने लगा, लेकिन लोगों ने उसकी हरकत देख ली। शोर मचते ही आसपास मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 3 मोबाइल फोन और एक पर्स बरामद हुआ। मौके पर मौजूद लोगों ने अपने-अपने सामान की पहचान कर उसे वापस ले लिया। इसके बाद आरोपी को रेलवे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

## रुप चंद लॉटरी एजेंसी पर फिर बरसा इनाम, विजेता को मिले पचास हजार रुपए




फाजिल्का, 4 जून (बख्शीश सिंह/जसप्रीत सिंह) = फाजिल्का के मेहरियां बाजार स्थित रूप चंद लॉटरी एजेंसी पर एक बार फिर से खुशियों का माहौल देखने को मिला है। स्थानीय स्तर पर लखपति और करोड़पति बनाने के लिए मशहूर इस केंद्र पर आज एक और विजेता सामने आया है, जिसने 50 हजार रुपये का नकद इनाम जीता है।इस बार के विजेता का नाम जसपाल सिंह है। उन्होंने अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें इससे पहले भी लॉटरी में इनाम मिल चुका है। उस समय उन्हें 45 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई थी और अब 50 हजार रुपये का इनाम जीतने पर वे खासे उत्साहित हैं।

रुप चंद लाटरी एजेंसी संचालक बॉबी बवेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां के ग्राहकों की किस्मत अकसर चमकती रहती है। उन्होंने बताया कि गांव बाघे वाला के निवासी जसपाल चीमा ने भी हाल ही में इसी केंद्र से लॉटरी के माध्यम से 50 हजार रुपये की राशि जीती है। उन्होंने बताया कि विजेता की टिकट संख्या 27027 रही, जिसने उन्हें यह इनाम दिलाया। यह एजेंसी पिछले 25 से 30 वर्षों से फाजिल्का में अपनी सेवाएं दे रही है और अब तक कई लोगों को लखपति और करोड़पति बना चुकी है।एजेंसी की ओर से भविष्य में आने वाली नई लॉटरी स्कीमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई है। इसमें आगामी दिनों में खुलने वाली योजनाओं का जिक्र किया गया है, जिसमें 2 रुपये की टिकट पर डेढ़ करोड़ रुपये तक के इनाम की सुविधा शामिल है। इसके अलावा, गर्मी के मौसम को देखते हुए समर बंपर स्कीम भी शुरू की गई है, जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 3 करोड़ रुपये की राशि रखी गई है।साथ ही 11 जुलाई को खुलने वाली 1000 रुपये की टिकट वाली स्कीम का भी उल्लेख किया गया, जिसमें 20 हजार टिकटों की सीमित संख्या के साथ आधा करोड़ रुपये का इनाम रखा गया है। इसके अलावा %रथ यात्रा बंपर% योजना के तहत भी 3 करोड़ रुपये तक के इनाम जीतने का अवसर दिया जा रहा है।जो लोग लॉटरी में अपनी किस्मत आजमाना चाहते हैं, वे रूप चंद लॉटरी एजेंसी पर सीधे संपर्क कर सकते हैं।

